


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 8 मई 2025 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-040 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 9 मई 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## आपरेशन सिंदूर

# भारत के हमलों से थर्राया पाकिस्तान

- एयर डिफेंस व रडार सिस्टम तबाह
- इजरायली ड्रोन्स से लाहौर से कराची तक 9 शहरों में धमाके
- कंधार हाईजेक का आरोपी रऊफ मारा गया





**इस्लामाबाद,8 मई।** भारत के सीमावर्ती राज्यों में पाकिस्तान द्वारा मिसाइल हमले की कोशिश के जवाब में भारत ने पाकिस्तान की सरजमीं पर जोरदार हमला किया है। 9 शहरों के 24 स्थानों पर इजरायली ड्रोन्स से धमाकों के बाद पाकिस्तान थर्रा गया है। यहां अफरा-तफरी मच गई है।इस्लामाबाद,सियालकोट,गुजरांवाला में बड़े धमाके हुए हैं। भारत ने लाहौर स्थित एयर डिफेंस मुख्यालय व रडार सिस्टम को तबाह कर दिया है।इससे पाकिस्तान को जान माल का बड़ा नुकसान हुआ है। पाकिस्तान में दहशत व्याप्त है। खबर यह भी है कि कंधार हाईजेक मामले में शामिल आतंकवादी रऊफ अजहर मारा गया है। बलूच विद्रोहियों ने भारत के हमले का फायदा उठाते हुए 4 घंटे में दूसरा बड़ा हमला पाकिस्तान सेना पर किया है। ब्लूचिस्तान में 12 पाक सैनिक मारे गये हैं. भारतीय सेना ने मंगलवार की रात को पाकिस्तान पर जोरदार हमला बोला था। भारत ने अपनी सीमा के अंदर से ही मिसाइलें दागी थीं, जिनसे पीओके समेत पाकिस्तान के 9 ठिकानों को टारगेट किया गया था। पाकिस्तान ने दावा किया है कि बुधवार की रात को भी भारत ने उसके कई ठिकानों को टारगेट किया है। पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार दोपहर को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें कहा कि भारत ने इजरायली हैरप ड्रोन्स का इस्तेमाल करते हुए अटैक किया। पाक सेना ने कहा कि ये हमले लाहौर, कराची, गुजरांवाला, चकवाल, रावलपिंडी, बहावलपुर, मियांवाली और चोर शहर में हमले किए गए हैं। पाकिस्तान की सेना ने कहा कि ये अटैक हमारे शहरों को टारगेट करके किए गए हैं।पाकिस्तान ने खुद स्वीकार किया है कि एक दिन पहले ही उसके यहां ऐक्टिव 9 आतंकी ठिकाने नेस्तनाबूद करने के बाद भारत ने 9 शहरों पर ड्रोन अटैक किए हैं। पाक सेना ने कहा कि भारत का यह ऐक्शन गंभीर है और हमें उकसाने वाली कार्रवाई है। जनरल चौधरी ने कहा कि यह खुले तौर पर हमें उकसाने वाली कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि हमारी सेना पूरी तरह से अलर्ट पर है।

## संक्षेप

### बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट में तीन जवान शहीद

**बीजापुर,8 मई।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है, करेरगुट्टा ऑपरेशन के बीच नक्सलियों ने तेलंगाना के वाज़ेड इलाके के पास आईडी ब्लास्ट कर दिया है। जिसकी चपेट में आने से तीन जवान शहीद हो गए, जबकि कई जवान घायल हो गए हैं. बताया जा रहा है कि तेलंगाना-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर नक्सलियों ने लैंडमाइन बिछाए थे. जानकारी के अनुसार, करेरगुट्टा ऑपरेशन के दौरान, जब तेलंगाना पुलिस के जवान नक्सल विरोधी अभियान पर निकले थे, तभी नक्सलियों ने वाज़ेड इलाके के पास आईडी ब्लास्ट कर दिया। ब्लास्ट में तीन जवान शहीद हो गए, जबकि कई जवान घायल है।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह प्रदेश को देंगे साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात

**रायपुर,8 मई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सूरजपुर के लिए सिविल लाइन हेलीपैड से रवाना हुए. इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा, सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण का आज चौथा दिन है. जनचौपाल लगाकर जनता से संवाद कर समस्या का समाधान किया जा रहा है. पीएम आवास की मांग सबसे ज्यादा आ रही है. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 13 मई को प्रदेश को साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात देने वाले हैं, जिससे आवास की मांगों की पूर्ति हो जाएगी. सीएम साय ने कहा, सुशासन तिहार में कई तरह की मांगें आ रही है. प्रधानमंत्री आवास, गैस कनेक्शन समेत अन्य मांगें शामिल हैं. उन्होंने कहा, 13 मई को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान छत्तीसगढ़ दौरा में आ रहे हैं. वे सूरजपुर के अंबिकापुर में बड़ी आमसभा करेंगे. प्रदेश को साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात मिलेगी, जिससे आवास की मांगों की पूर्ति हो जाएगी.

### नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद,8 मई।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को लेकर सनसनीखेज धमकी मिली है। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के बीच गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के ईमेल पर एक धमकी भरा मेल आया, जिसमें लिखा गया कि स्टेडियम को बम से उड़ा दिया जाएगा। यह मेल 'पाकिस्तान' के नाम से भेजा गया, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत हरकत में आते हुए जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्टेडियम और आसपास की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, यह धमकी ऐसे समय पर आई है जब आने वाले हफ्तों में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग के दो अहम मुकाबले खेले जाने हैं। इसे देखते हुए स्टेडियम और आसपास के इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है. गुजरात पुलिस और साइबर क्राइम टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ईमेल की स्रोत की जांच शुरू कर दी है. अधिकारियों का कहना है कि वे मेल की ट्रेसिंग कर रहे हैं ताकि यह पता चल सके कि इसे कहां से और किसने भेजा है. नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 14 मई को गुजरात टाइटन्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला होना है. वहीं 18 मई को गुजरात टाइटन्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स का मैच है.

### पाकिस्तान ने सोना, हीरा, रत्न और आभूषणों के आयात-निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

**इस्लामाबाद,8 मई।** पाकिस्तान सरकार ने तत्काल प्रभाव से सोना, हीरे, रत्न और आभूषणों के आयात और निर्यात पर 60 दिनों का प्रतिबंध लगा दिया है. इस संबंध में वाणिज्य मंत्रालय ने औपचारिक रूप से निर्देश जारी किए हैं. मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, कीमती पत्थरों और आभूषणों के व्यापार को नियंत्रित करने वाले पहले के आदेश को दो महीने की अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है. वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि अधिसूचना अगले 60 दिनों के लिए सोने, हीरे, आभूषण और रत्नों की सीमा पार आवाजाही को प्रभावी रूप से रोकती है.

## आसमान में तबाह कर दी गईं पाकिस्तान की ओर से आईं मिसाइलें

### अमृतसर के गांवों में गिरे टुकड़े

**अमृतसर,8 मई।** ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाया पाकिस्तान अब जम्मू कश्मीर के सरहदी इलाकों में आम लोगों को निशाना बनाने के बाद पंजाब में भी ऐसी ही नापाक हरकत कर रहा है। अमृतसर से सटे तीन गांवों में तीन मिसाइलें गिरी मिली हैं। ये मिसाइलें ब्लास्ट से पहले ही ध्वस्त हो चुकी थी। बुधवार और वीरवार की दरमियानी रात 1 बजे अमृतसर में धमाकों की कई आवाजें सुनाई दी थीं, जिसे अमृतसर के एसएसपी ने सोनिक साउंड बताया था और लोगों को न घबराने की अपील की थी। लेकिन अब इन मिसाइलों की बरामदगी से कयास लगाए जा रहे हैं कि देर रात हुए धमाकों की आवाज इन्हीं की थी और पाकिस्तान की तरफ से आई इन मिसाइलों को भारत के एंटी मिसाइल सिस्टम ने इन्हें आसमान में ही धवस्त कर दिया। इस बात को बल इसलिए भी मिल रहा है क्योंकि पंजाब बोर्डर पर भी एंटी मिसाइल सिस्टम एक्टिव है। सोशल मिडिया पर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान की तरफ से आई मिसाइल को भारत के एंटी मिसाइल सिस्टम ने मार गिराया है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि नहीं हुई है। अमृतसर के गांव दुधाला, जेठूवाल और पंधेर में फटी हुई मिसाइलें मिली हैं। अमृतसर ग्रामीण के एसएफपी मनिंदर सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि इसकी जानकारी आर्मी को दी गई है। आर्मी की टीम इन्हें कब्जे में लेकर इनकी जांच करेगी। इसके बाद ही इस संबंध में कुछ कहा जा सकता है। एयर स्ट्राइक के बाद जंग के आसार होने पर बीएसएफ ने भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे गांवों को खाली करने के आदेश जारी किए थे, जिसके बाद गांव के लोग अपने परिवार के बच्चों और महिलाओं को कीमती सामान सहित गांव से निकालकर किसी सुरक्षित स्थान पर चले गए हैं। गांव खाली करने का ये सिलसिला बीती रात भारत के हमले के बाद से ही शुरु हो गया था।



## ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है : सरकार

### हम सिर्फ शासन करने के लिए सत्ता में नहीं हैं,100 से ज्यादा आतंकी मारे गये हैं

**नई दिल्ली,8 मई।** केंद्र ने पड़ोसी देश के साथ चल रहे संघर्ष के बारे में राजनीतिक दलों को जानकारी देने के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के दौरान कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है, जबकि सीमा पर स्थिति तेजी से बदल रही है। बैठक में प्रमुख दलों के नेताओं ने भाग लिया और इसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, जिसके दौरान कांग्रेस ने कहा कि उन्होंने सरकार को पूर्ण समर्थन दिया है। सूत्र बता रहे हैं कि सरकार की ओर से कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, जिन्होंने सभी को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी और सभी नेताओं ने अपने सुझाव दिए। सभी नेताओं ने ऐसे समय में परिपक्वता दिखाई है जब हम सब मिलकर काम कर रहे हैं। सभी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की और उन्हें बधाई दी, और कहा कि हम सरकार और सशस्त्र बलों का समर्थन करेंगे। हमें कुछ सुझाव भी मिले हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम सिर्फ़ शासन करने के लिए सरकार नहीं बनाते। किरेन रिजिजू ने कहा कि राजनीतिक दल जनता की आवाज़ होते हैं और नेताओं का एक स्वर में बोलना। मुझे लगता है कि यह भी हमारी सफलताओं में से एक है। ऑपरेशन सिंदूर की पहली स्ट्राइक के बाद जो चल रहा है, उसके बारे में बताना ठीक नहीं है, और इसीलिए अधिकारियों को मीटिंग में नहीं बुलाया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और मंत्री जेपी नड्डा और निर्मला सीतारमण ने भाग लिया। सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है। जैसा कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने कहा, उन्होंने (सरकार ने) कहा कि कुछ चीजें हैं जिन पर हम चर्चा नहीं करना चाहते हैं। कांग्रेस सांसद और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बैठक में हमने सुना कि उन्हें (केंद्र को) क्या कहना था। उन्होंने यह भी कहा कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे के कारण कुछ गोपनीय जानकारी साझा नहीं कर सकते। हमने उनसे कहा कि हम सब सरकार के साथ हैं। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हमारा रुख बिल्कुल साफ है। आतंकवाद को खत्म करने के लिए भारतीय सेना और सरकार जो भी कदम उठाती है, हम उसका समर्थन करते हैं। जहां तक सर्वदलीय बैठक का सवाल है, तो बेहतर होता कि प्रधानमंत्री उसमें होते।



## खून की हर बूंद का बदला लेंगे

### शहबाज शरीफ ने भारत को फिर दी गीदड़भभकी

**करांची,8 मई।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत द्वारा आतंकियों के अड्डों पर की गई सैन्य कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बौखला गया है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने इसका बदला लेने की भारत को गीदड़भभकी की है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने बुधवार रात देश को संबोधित करते हुए भारत को कड़े परिणाम भुगतने की गीदड़भभकी दी। शहबाज शरीफ ने कहा, 'भारत ने जो गलती पिछली रात की, उसे इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। पाक प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम अपने देश की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान ने भारत को कुछ ही घंटों में जवाब देकर पीछे खदेड़ दिया। पाक पीएम का दावा है कि भारत की कार्रवाई के कारण अब तक 26 लोगों की जान जा चुकी है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं। उन्होंने मृतकों को 'शहीद' बताया और कहा कि पूरा पाकिस्तान इन शहीदों के साथ खड़ा है। अपने भाषण में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा, भारत को हर एक खून के कतरे की कीमत चुकानी होगी। हमने बीती रात साबित कर दिया कि पाकिस्तान जानता है कैसे ज़ोरदार जवाब देना है।

## पाकिस्तान ने फिर की गोलीबारी, एक जवान शहीद, 15 लोगों की मौत

**श्रीनगर,8 मई।** जम्मू-कश्मीर. पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने 6-7 मई की दरम्यानी रात भारत ने पाक्सितान और पाक अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया था. भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बौखला गया है. पाकिस्तान ने एक बार फिर पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर गोलाबारी की, जिसमें भारतीय सेना का एक जवान शहीद हो गया. वहीं 15 निर्दोष नागरिकों की भी मौत हो गई. पाकिस्तानी हमले में 43 लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. इस घटना के बारे में सेना की तरफ से बताया गया कि पाकिस्तान की तरफ से अचानक की गई फायरिंग और मोर्टार हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया गया है. इलाके में भारी तनाव बना हुआ है. भारतीय सेना को हाई अलर्ट पर रखा गया है. गोलाबारी में मारे गए नागरिकों की पहचान कर ली गई है. मृतकों में पुंछ जिले के निवासी रूबी कौर (33), मोहम्मद ज़ैन (10), मोहम्मद अकरम (42), अमरजीत सिंह (47), मरियम खातून (7), विहान भार्गव (13), अमरीक सिंह (54), रंजीत सिंह (48), जोया खान (12), शकीला बी (41), मोहम्मद रफी (40) और मोहम्मद इकबाल (45) शामिल हैं.



## उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 6 की मौत

**नैनीताल,8 मई।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी गंगनानी में हेलीकॉप्टर क्रैश होने की खबर सामने आ रही है, हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है, वहीं दो घायल बताए जा रहे हैं. यात्रियों से भरा हेलीकॉप्टर देहरादून से हर्षिल हेलीपैड के लिए निकाला था. गंगनानी से आगे नाग मंदिर के नीचे और भागीरथी नदी के पास हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. गढ़वाल के डिविजनल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने हादसे की पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि घटना सुबह 9 बजे की बताई जा रह है. घटना स्थल पर राहत एवं बचाव के लिए पुलिस, सेना के जवान, आपदा प्रबंधन टीम, एंबुलेंस, तहसीलदार भटवाड़ी और BDO भटवाड़ी भी रवाना हो गए हैं. उन्होंने बताया कि ये हेलीकॉप्टर प्राइवेट एयरलाइंस का था. हादसे के लिए खराब मौसम को जिम्मेदार बताया जा रहा है. उन्होंने कहा, ईश्वर हादसे में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें.



## अजीत डोभाल के बाद गृह सचिव के साथ नरेन्द्र मोदी की बैठक

**नई दिल्ली,8 मई।** दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभालने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की, जो लगभग 50 मिनट तक चली. अजीत डोभाल ने पश्चिमी सीमा पर वर्तमान स्थिति और ऑपरेशन सिंदूर के बाद की घटनाओं की जानकारी साझा की. इसके अलावा, गृह सचिव गोविंद मोहन भी PM आवास पर पहुंचे हैं, जहां उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक चल रही है. यह जानकारी उस समय साझा की गई है जब जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की ओर से की गई भारी गोलाबारी में 13 नागरिकों की जान चली गई है. सरकार के अनुसार, ये नागरिक नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम के उल्लंघन के कारण मारे गए हैं, और सभी पुंछ क्षेत्र में स्थित हैं. घायलों की संख्या बढ़कर 59 हो गई है, जिनमें से 44 लोग पुंछ में हैं. देश की पश्चिमी सीमाओं पर सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया गया है, जिसमें राजस्थान और अन्य राज्यों को सील कर दिया गया है. सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियाँ रद्द कर दी गई हैं, और स्कूल तथा अन्य शैक्षणिक संस्थान पूरे दिन के लिए बंद कर दिए गए हैं. कई पश्चिमी शहरों के हवाई क्षेत्र को 10 मई तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है. सुरक्षा और रक्षा तंत्र उच्च सक्रियता में हैं, जबकि बहुस्तरीय वायु रक्षा नेटवर्क पूरी तरह से क्रियाशील है. अरब सागर में अग्रिम पंक्ति के युद्धपोत तैनात हैं, और सीमा पर पैदल सेना की इकाइयाँ किसी भी संभावित स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं.



## अलर्ट मोड पर अयोध्या रामजन्मभूमि

**अयोध्या,8 मई।** अयोध्या स्थित अतिसंवेदनशील रामजन्मभूमि परिसर, जिसे रेड जोन घोषित किया गया है, वहां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है. और लगातार मॉक ड्रिल और सायरन टेस्ट किया जा रहा हैं, यही बल्कि संदिग्धों पर भी फोकस किया जा रहा हैं ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न हो. बता दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले और पाकिस्तान की संसद में पीपीपी सांसद पलवशा मोहम्मद जई खान द्वारा रामजन्मभूमि को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद से देश की सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं. पूरे परिसर में अब प्रतिदिन मॉक ड्रिल की जा रही है ताकि किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षा बलों की तत्परता सुनिश्चित की जा सके.

## एमपी से सटे गांव में उतरा सीएम साय का हेलीकॉप्टर



**मनेंद्रगढ़,8 मई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हेलीकॉप्टर आज मनेंद्रगढ़ जिले के सुदूर गांव माथमौर में उतरा. हेलीकॉप्टर की आवाज सुन ग्रामीण दौड़कर हैलीपेड पहुंचे और हेलीकॉप्टर से सीएम के उतरने पर जिंदाबाद के नारों से उनका स्वागत किया. बता दें कि आदिवासी बाहुल्य यह गांव मध्यप्रदेश की सीमा से लगा है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अचानक अपने बीच पाकर ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे. स्वागत के लिए कुछ न मिला तो तुरंत पेड़ों से फूल तोड़कर गुलदस्ता बनाया. इस दौरान सीएम साय से मिलकर ग्रामीण भावुक हो गए.

## मैटरनिटी लीव है मौलिक अधिकार: हाईकोर्ट

### गोद लेने वाली मां को भी मिलेगी 180 दिन की छुट्टी

**बिलासपुर,8 मई।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मातृत्व अवकाश को लेकर ऐतिहासिक फैसला सुनाया है. एक मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा है कि मां बनना किसी भी महिला के जीवन का खूबसूरत पल होता है, ऐसे में मातृत्व अवकाश छूट नहीं, बल्कि यह मौलिक अधिकार है. लीव अप्रूव करते समय जैविक, सरोगेसी और गोद लेने वाली मां में भेदभाव नहीं किया जा सकता. अवकाश से वंचित करना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है. कोर्ट ने अपने फैसले में 2 दिन की नवजात बच्ची को गोद लेने वाली महिला अधिकारी को 180 दिन की चाइल्ड एडॉप्शन लीव देने के आदेश दिए हैं. हाईकोर्ट ने उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें सिर्फ 84 दिन की छुट्टी दी गई थी. मामले की सुनवाई जस्टिस विभू दत्त गुरु की सिंगल बेंच में हुई. याचिकाकर्ता की वर्ष 2013 में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रायपुर में नियुक्ति हुई है. वर्तमान में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं. उनका 2006 में विवाह हुआ है. विवाह के बाद 20 नवंबर 2023 को उन्होंने दो दिन की एक नवजात बच्ची को गोद लिया. इसके बाद, याचिकाकर्ता ने 180 दिनों के लिए बाल दत्तक ग्रहण अवकाश के लिए आवेदन किया. संस्थान ने उनके छुट्टी को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि संस्थान की मानव संसाधन नीति में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है.

## हम सभी तन और मन से पीएम मोदी के साथ

### 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद हुई सर्वदलीय बैठक में बोले सभी दल के नेता

**नई दिल्ली,8 मई।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव में वृद्धि हो रही है, खासकर पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद. केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सर्वदलीय बैठक समाप्त हो चुकी है, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी साझा की गई. इस बैठक के बाद, लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि विपक्ष ने सरकार को पूरा समर्थन दिया है. सर्वदलीय बैठक के बाद AIMIM के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सशस्त्र बलों और सरकार की सराहना की. इसके साथ ही, उन्होंने रेजिस्टेंस फ्रंट के खिलाफ एक वैश्विक अभियान चलाने का सुझाव दिया. ओवैसी ने यह भी कहा कि सरकार को अमेरिका से TRF को आतंकवादी संगठन के रूप में नामित करने का अनुरोध करना चाहिए और पाकिस्तान को FATF में ग्रे-लिस्ट करने के प्रयास करने की आवश्यकता है. केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने सर्वदलीय बैठक के बाद कहा कि सभी नेताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए और पार्टी के दृष्टिकोण को साझा किया. उन्होंने यह भी माना कि नेताओं ने परिपक्वता का परिचय दिया है. जब देश एक चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना कर रहा है, तब राजनीति के लिए कोई स्थान नहीं है. उन्होंने हमारी सेना की कार्रवाई की सराहना की और कहा कि पूरा देश उनके साथ है. सर्वदलीय बैठक लगभग डेढ़ घंटे तक चली, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि सभी दल सरकार के साथ खड़े हैं. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो जानकारी साझा की गई है, उसे सार्वजनिक रूप से नहीं बताया जा सकता. सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, बैठक में जो उन्होंने कहा है, वो हमने सुनाज्हम सभी ने बताया कि इस घड़ी में हम सब उनके साथ हैं और वो जो काम कर रहे हैं, उसको जारी रखें और देशहित में हम उनके साथ रहेंगे



## करेंगुट्टा के पहाड़ से मिले 19 माओवादियों के शव

**जगदलपुर,8 मई।** बीजापुर के करेंगुट्टा में सुरक्षाबलों के बड़े ऑपरेशन में अब तक 19 शव बरामद हुए हैं. इनमें 8 पुरुष और 11 महिला शामिल हैं. ढेर हुए नक्सलियों में कई बड़े चेहरे शामिल हैं. सुरक्षाबलों ने जिन 19 नक्सलियों का शव बरामद किया है, उनमें से अब तक दक्षिण ज़ोनल कमेटी मेंबर और गालिकोंडा एरिया कमेटी प्रभारी काकुरी पंडन्ना जगन, डिवीजनल कमेटी मेंबर और कालिमेला एरिया कमेटी प्रभारी वागा पोडियामी रमेश के रूप में पहचान हुई है. बाकी शवों की शिनाख्त प्रक्रिया चल रही है. बता दें कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के आखिरी गढ़ करेंगुट्टा की पहाड़ियों पर जमा नक्सलियों को सुरक्षाबल चौतरफा घेरे हुए हैं. इस ऑपरेशन की अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली से सीआरपीएफ के डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह नजर बनाए हुए थे. इसके अलावा छत्तीसगढ़ के एडीजी नक्सल ऑप्श विवेकानंद सिन्हा, सीआरपीएफ आईजी राकेश अग्रवाल व बस्तर आईजी पी. सुंदरराज मॉनिटरिंग कर रहे हैं. नक्सलियों को उनके मांद में डीआरजी कोबरा, सीआरपीएफ और एसटीएफ़ के बहादुर जवान मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं.



## संपादकीय

## यह तो ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है...

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों के हाथों 26 भारतीयों के मारे जाने से पूरे देश में गुस्सा है, देश के लोग 22 अप्रैल के बाद से इंतजार कर रहे थे कि सेना इस मामले में कब आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी, क्या कार्रवाई करेगी। आतंकियों के हमले के बाद मोदी सरकार ने कहा था कि आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, ऐसी कार्रवाई की जाएगी जैसी पहले कभी नहीं की गई थी और ऐसी कार्रवाई की जाएगी कि आतंकवादी और उनको पनाह देने वाले याद रखेंगे। पीएम मोदी ने कहा था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। वह दिन कौन सा होगा, वह दिन कब आएगा देश के लोग रोज इंतजार कर रहे थे। देश के लोगों को पीएम मोदी पर भरोसा था कि उन्होंने कहा है आतंकवादियों का मिट्टी में मिला देंगे तो आतंकवादियों का मिट्टी में मिलाने का काम किया जाएगा। हर रोज देश के लोगों को लगता था कि पीएम मोदी आज आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई कर देश को चौंका देंगे। इससे पहले जो आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई हुई थी उसमें 10 से 12 दिन लगे थे। दस बारह दिन बीत जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर लोग सोच रहे थे कि कार्रवाई मे देरी क्यों हो रही है।इसकी वजह यह थी कि कार्रवाई तो सेना को करनी थी और ऐसी कार्रवाई करनी थी जिसमें असफलता की एक प्रतिशत गुंजाइश न हो।जब सौ प्रतिशत सफलता के लिए काम किया जाता है तो उसके लिए वैसी तैयारी की जाती है, सोचविचार किया जाता है। बड़ी और सफल कार्रवाई करनी थी इसलिए इसमें वक्त लग रहा था,पीएम मोदी ने तय कर दिया था कि क्या करना है और उन्होंने सेना को तय लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी छूट दे दी थी। सेना ने अपने हिसाब से दिन तय किया और वह दिन था मंगलवार और समय था रात को 1.05 मिनट। रात एक बजकर पांच मिनट पर आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का काम शुरू हुआ और मात्र 25 मिनट में लश्करे-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े संगठन जैशे मोहम्मद के नौ ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया गया। ऐसा करना जरूरी भी था।इन ठिकानों में पाकिस्तान के संरक्षण में आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था और भारत हमले करने के लिए भेजा जाता था, इन ठिकानों को निशाना इसलिए बनाया गया कि भारत सरकार के पास खबर थी कि आतंकवादी फिर से भारत पर हमला करने वाले हैं, इससे पहले आतंकी फिर से भारत पर हमला करते भारत ने उनके ठिकानों पर हमला कर उनको मार दिया है। ऐसा करना भारत का अधिकार है। भारत ने नक्सलियों को मिट्टी में मिलाने वाला आपरेशन का नाम आपरेशन सिंदूर रखा क्योंकि यह देश के महिलाओं से सुहाग से जुड़ा मामला था और आतंकियों ने महिलाओं के सुहाग को मारकर उनकी मांग का सिंदूर मिटा दिया था और महिला को जिंदा छोड़ते हुए कहा था जाकर मोदी को बताना।यह भारत व पीएम मोदी को चुनौती थी देश के महिलाओं के सुहाग छीनने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जाए कि वह फिर कभी ऐसी चुनौती भारत व भारत के पीएम न दे सकें। पहलगाम के आतंकी हमले के विरोध में भारत ने पाक सीमा में घुसे बगैर आतंकियों के सीमा के पास के 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की।यह कार्रवाई इतनी गोपनीय थी कि इसकी भनक जब तक आतंकियों को मिट्टी में नहीं मिला दिया तब तक किसी को इसका पता नहीं चला। लोग पीएम मोदी का मजाक उड़ाते रहे, व्यंग्य करते रहे, लेकिन पीएम मोदी ने सेना को कार्रवाई करने की पूरी छूट दी थी इसलिए सेना को ही कार्रवाई का दिन तय करना था और सेना ने उसी दिन कार्रवाई की जिस दिन उसने चाहा। सेना की कार्रवाई में आतंकवादी मारे गए हैं यह तो तय है लेकिन कितने आतंकवादी मारे गए हैं,इसके आंकड़े अलग अलग बताए जा रहे है, कोई कह रहा है कि 70 आतंकवादी मारे गए हैं कोई कह रहा है कि 90 आतंकवादी मारे गए हैं। कोई कह रहा है कि मारे गए आतंकियों की संख्या सौ से ज्यादा है। बताया जा रहा है कि जब पाकिस्तान के पीओके,पंजाब आदि राज्यों नौ ठिकानों पर हमला किया गया तो वहां कम के कम 900 से ज्यादा आतंकी थे। जैशे मोहम्मद के आतंकवादी नेता मसूद अजहर के जारी किए गए बयान के अनुसार तो भारत की कार्रवाई में उसके परिवार के दस सदस्य मारे गए हैं तथा उसके चार निकट सहयोगी भी मारे गए है। बताया जाता है कि ऊपर मदरसा था और नीचे हथियार रखने व परिवार के लोगों के रहने के लिए बेसमेंट बनाया गया था.परिवार इसी बेसमेंट में था। भारत ने जिस मिसाइल से हमला किया वह इतनी शक्तिशाली थी कि जमीन के नीचे बनाए बेसमेंट तक पहुंच गई और बेसमेंट जितने लोग थे सब मारे गए। भारत को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऐसी कार्रवाई करनी थी कि जवाब में पाकिस्तान भारत के खिलाफ हमला करना चाहे तो न कर सके। भारत ने एयर स्ट्राइक की तो उसने कहीं कहा कि भारत ने



पाकिस्तान के खिलाफ एयरस्ट्राइक की है। भारत की तरफ से कहा गया है कि भारत ने जो कार्रवाई की है, वह भारत में घुसकर 26 लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ की है, वह भी इसलिए की है कि भारत के पास सूचना है कि आतंकवादी फिर से भारत में हमला कर सकते हैं।ऐसे सूचना होने पर कोई भी देश आतंकवादियों के खिलाफ वही करता जो भारत ने किया है।भारत के आतंकियों के हमले के जवाब में पाकिस्तान भारत पर हमला कर ही नहीं सकता था क्योंकि भारत ने पाकिस्तान पर तो हमला किया नहीं था।अगर पाकिस्तान हमला करता तो यह पाकिस्तान का भारत पर हमला माना जाता और पाकिस्तान से पूछा जाता कि उसने भारत पर हमला क्यों किया।ऐसे में पाकिस्तान को भारत पर हमला करने वाला माना जाता भारत को युध्द के लिए उकसाने वाला माना जाता। यही वजह है कि भारत की कार्रवाई के बाद भी पाकिस्तान ने कोई जवाबी कार्रवाई नहीं की है। बहुत से लोग जो भारत की कार्रवाई के बाद भारत पाक में युध्द होने की आशंका जता रहे थे, वह निर्मूल साबित हुई है।भारत की सेना की कार्रवाई पर विपक्ष ने इस बार पिछली बार की तरह सवाल नहीं उठाया, किसी ने कोई सबूत नहीं मांगा। इस बार सेना ने कार्रवाई की और उसका सबूत भी लेकर आई और देश के लोगों ने उसे देखा है। यही वजह है कि इस बार किसी की हिम्मत नहीं हुई की सबूत क्या है। अभी तो सब कार्रवाई के लिए सेना की तारीफ कर रहे हैं। कह रहे हैं कि इससे संदेश गया है कि भारत को जवाब देना आता है और भारत ने ऐसा जवाब दिया है कि इसे हमेशा याद रखा जाएगा। ऐसा नहीं है कि इसके बाद भारत चुप बैठने वाला है, यह भले ही पहली कार्रवाई है लेकिन यह अंतिम कार्रवाई नहीं है। यह तो ट्रेलर है,पिक्चर अभी बाकी है।

एयर स्ट्राइक

# आपरेशन सिंदूर आरंभ, प्रहार का स्वागत


**राकेश अचल**

आधी रात के बाद, जब आतंकवादी चैन की नींद सो रहे थे, भारत ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व लॉन्च किया। जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए गए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम हमलों के जवाब में की गई, जिसमें 26 नागरिकों की मौत हो गई थी। हम युद्ध के समर्थक नहीं हैं किंतु भारत की संप्रभुता पर हुए दुस्साहसिक हमले के प्रतिकार के लिए जबावी कार्रवाई आवश्यक मानते हैं। भारतीय सेना ने रात 1.44 बजे जारी किए गए एक बयान में कहा कि ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व के तहत सैन्य हमले किए गए। जिसमें आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसमें पीओके और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आतंकवादियों के लॉन्चिंग पैड को टारगेट कर हमला किया, जिसमें 90 से ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने की खबर है। भारत की ओर से लक्ष्यवेधी प्रहार किया गया। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में उन ठिकानों पर हमला किया है जहां से आतंकवादी हमलों की योजना बनाई जा रही थी और उन्हें निर्देशित किया जा रहा था। ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व के तहत रातभर चले सटीक हमलों में कुल नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिनमें लश्कर के 3 और जैश के 4 लॉन्चिंग पैड भी हैं। इस युद्ध की नौबत ही न आती यदि पाकिस्तान आतंकवाद को पालता, पोषता नहीं। अच्छी बात यह है कि पाकिस्तान को हर समय इमदाद देने वाले अमेरिका ने भी भारतीय सेना की कार्रवाई का समर्थन किया है।अमेरिकी के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि-ह्यमैं भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर करीबी नजर रख रहा हूं। मैं आज पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों से सहमत हूं। उम्मीद है कि यह जल्द ही समाप्त हो जाएगा। शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारतीय और पाकिस्तानी नेतृत्व दोनों के साथ बातचीत जारी रहेगी। आधी रात को पाकिस्तान पर हमले के बाद भारतीय विमानन प्राधिकरण ने पाकिस्तान सीमा से लगे एयरपोर्ट को बंद कर दिया है। श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, बीकानेर और धर्मशाला से ऑपरेट होने वाली सारी फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं। विमान कंपनियों ने यात्रियों से स्टेट्स चेक करके ही घर से निकलने को कहा है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद यह कार्रवाई भारत की सोची-समझी सैन्य प्रतिक्रिया मानी जा रही है। भारतीय सेना की इस कार्रवाई में पाकिस्तान के पंजाब के मुरीदके पर हमला शामिल था। यह लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालय का घर है। इसे पाकिस्तान की ह्लआतंक नर्सरीह्व के रूप में जाना जाता है। मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा और उसके प्रमुख संगठन जमात-उद-दावा का मुख्यालय लगभग 200 एकड़ में फैला हुआ है। यहां मस्जिदें, स्कूल, अस्पताल, खेत और एक आतंकी प्रशिक्षण शिविर शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना ने भी बयान जारी कर दिया है। उन्होंने माना है कि भारत ने उनकी 6 जगहों पर हमला किया है। 24 मिसाइल दागे गए हैं। बता दें कि पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया है। इसमें ज्यादातर मस्जिद हैं, जहां से जैश-ए-मोहम्मद आतंकी पैदा करता था।

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते, बुधवार को श्रीनगर हवाई अड्डे से सभी उड़ानें रद्द रहेंगी। इसके अलावा, जम्मू, धर्मशाला लेह और अमृतसर के एयरपोर्ट्स भी बंद किए गए हैं जिसके चलते फ़्लाइट ऑपरेशंस पर असर पड़ेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी रात ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व पर नजर बनाए रखी। देर रात करीब 1 बजकर 44 मिनट




पर भारत की तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादियों के 9 ठिकाने तबाह कर दिए। सेना के ऑपरेशन के दौरान रक्षा मंत्रालय में सारी रात अफसर मौजूद रहे। शायद इसी वजह से पिछले दो दिन से आर्मी का स्ट्रेट कॉम मीडिया के लिए बंद रखा गया था।

जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में एक पाकिस्तानी फाइटर जेट जेएफ-17 गिरा है। जिसका वीडियो स्थानीय युवक ने बनाया हालांकि फाइटर में पायलट नहीं हैं। स्थानीय लोग उस फाइटर जेट को देखने के लिए वहां पहुंच रहे है। सूत्रों ने बताया कि वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों ने कई देशों के अपने समकक्षों से बात की है और पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी कैम्पस पर भारत के मिसाइल हमलों के बारे में जानकारी दी है। इनमें अमेरिका, यूके, सऊदी अरब, यूएई और रूस शामिल हैं। अभी तक जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक भारत के हमले में 12 आतंकवादी मारे गए हैं। भारत के मिसाइल हमलों पर पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने कहा, ह्लभारत ने पाकिस्तान के पांच स्थानों पर हमला किया है। पाकिस्तान को इस युद्ध जैसे कृत्य का जोरदार जवाब देने का पूरा अधिकार है, और एक मजबूत प्रतिक्रिया दी जा रही है। पूरा देश पाकिस्तान सशस्त्र बलों के साथ खड़ा है, और पूरे पाकिस्तानी राष्ट्र का मनोबल और उत्साह ऊंचा है। पाकिस्तानी राष्ट्र और पाकिस्तान सशस्त्र बल अच्छी तरह जानते हैं कि दुश्मन से कैसे निपटना है. हम कभी भी दुश्मन को अपने नापाक इरादों में सफल नहीं देंगे। भारत द्वारा आतंकवादी ठिकानों पर हमले के बाद पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। इतना ही नहीं, सभी स्कूल-कॉलेज भी अगले आदेश तक बंद रहेंगे। पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादियों के ठिकाने पर भारत की तरफ से बरसाए गए मिसाइल हमलों के बाद पड़ोसी देश में डर का माहौल है। इसी के मद्देनजर उन्होंने लाहौर और सियालकोट एयरपोर्ट को अगले 48 घंटे के लिए बंद कर दिया है। सारा भारत इस मुद्दे पर एकजुट है, लेकिन जरुरत इस बात की है कि ये युद्ध लंबा न खिंचे। राजनीतिक दल इस युद्ध का राजनैतिक लाभ लेने की कोशिश न करें। अनावश्यक बयान बाजी से बचें। युद्धकाल में एकता, समरसता सबसे महत्वपूर्ण कारक है। आपरेशन सिंदूर के जवाब में हताश पाकिस्तान आपरेशन लोभान चालू कर सकता है इसलिए सतर्क रहिये,सुरक्षित रहिए। हमें उम्मीद है कि पाकिस्तान बहुत जल्द भारत के सामने घुटने टेक देगा क्योंकि पाकिस्तान के पास भारत का लंबे समय तक मुकाबला करने की कूबत ही नहीं है।

***(विनायक फीचर्स)**

## राशिफल

**मेष** राजनीति में कार्यरत लोग अपनी मेहनत से पीछे नहीं हटेंगे। आप अपनी आय को लेकर भी कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते है। स्वास्थ्य में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आपको अपने कामों को लेकर आत्मविश्वास को मजबूत करने की आवश्यकता है। आपको किसी सदस्य से कोई भी ऐसी बात नहीं बोलनी है, जो कि उन्हें बुरी लगे। आप परिवार का सदस्यों को लेकर कहीं घूमने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपकी प्रोफेशनल लाइफ बेहतर रहेगी। आप कुछ नया करने की कोशिश में लगे रहेंगे। आर्थिक स्थिति को लेकर भी आपको कोई ज्यादा टेंशन नहीं रहेगी। संतान को तरक्की करते देखा आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने व्यवसाय में छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देंगे। आपको यदि बिजनेस के किसी काम को लेकर यात्रा पर जाना हो, तो वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करें।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी सोच समझ से आपके काफी काफी काम आसानी से पूरे होंगे। भौतिक संसाधनों में वृद्धि होगी और दांपत्य जीवन में चल रही समस्याएं दूर होगी। आपको अपने कामों को लेकर अपने सहयोगियों से मदद लेनी पड़ सकती है। शासन सत्ता का आपको पूरा लाभ मिलेगा। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे और व्यवसाय में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलने से आपको लोगों का पूरा सहयोग लेना होगा। आपको किसी संतान के कोर्स को लेकर उन्हें कहीं बाहर दाखिला दिलाना पड़ सकता है। आपके खर्च बेतहाशा बढ़ेंगे, जो आपकी टेंशन को बढ़ा सकते हैं। आपको उनको लेकर थोड़ा सावधान रहना होगा। माताजी की सेहत में कोई गिरावट आने से आपका मन परेशान रहेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपके कुछ नए दोस्त बनेंगे। दोस्तों के साथ आप किसी पार्टी आदि को करने की योजना भी बना सकते हैं। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से परिवार के सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे। आपको प्रेम जीवन में तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। आप अपने किसी काम को यदि दूसरों के भरोसे छोड़ेंगे, तो उन्हें पूरा होने में समस्या अवश्य आएगी। रूपए पैसे को लेकर किसी अजनबी पर भरोसा ना करें।

**कन्या** आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं भी दूर होगी। आपको नौकरी में प्रमोशन के साथ-साथ वेतन वृद्धि जैसी खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आपको कानूनी मामले में सावधान रहकर चलना होगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको कुछ पुराने झगड़े और झंझटों से छुटकारा मिलेगा। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। कोई प्रॉपर्टी में निवेश करना आपके लिए अच्छा रहेगा, लेकिन कुछ ऐसे खर्चे आपके सामने आ सकते हैं, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान हो सकता है। आप अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। जीवनसाथी को यदि कोई शारीरिक कष्ट था, तो वह भी काफी हद तक दूर होगा। आपको अपने पारिवारिक मामलों को घर में रहकर निपटाना बेहतर रहेगा। आप मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको कोई खुशखबरी मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। परिवार का कोई सदस्य नौकरी के लिए घर से दूर जा सकता है। आपको काम को लेकर व्यस्तता अधिक रहेगी।

**धनु** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। वैवाहिक जीवन में आपसी प्रेम बना रहेगा। आपको किसी काम को पूरा करने में यदि समस्या आ रही थी, तो उसके लिए आप कार्यक्षेत्र में अपने जूनियर से मदद ले सकते हैं। आप कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आप किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले।

**मकर** आज का दिन आपके लिए कुछ उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको काम के सिलसिले में कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आपके परिवार में पैतृक संपत्ति को लेकर कोई लड़ाई झगड़ा हो सकता है, जिसके लिए आपको अपने पिताजी से राय लेने की आवश्यकता है। बिजनेस में चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को उनके पुराने शहरों से कोई नुकसान हो सकता है। आपको शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें।


**कुंभ** आज के दिन आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप अपनी संतान की किसी बात को लेकर चिंतित रहेंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको अपने खर्चों को लेकर ध्यान देने की आवश्यकता है, इसलिए आप अपनी आय और व्यय में एक बजट बनाकर चलें। आप अपने घर के लिए कुछ नई चीजों की खरीदारी कर सकते हैं। माताजी को आप ननिहाल पक्ष के लोगों से मेल मिलाप कराने लेकर जा सकते हैं।

**मीन** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप अपने किसी मित्र के साथ कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं और आप मौज-मस्ती करके पूरा आनंद लेंगे। आपकी किसी बात को लेकर अपने पिताजी से खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप जीवनसाथी के लिए कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। आप अपने खान-पान पर पूरा ध्यान देंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई-लिखाई में कोई बदलाव करने की सोचेंगे, जो अपने सीनियर की मदद के बिना ना करें।

जय हिन्द

# सिंदूर की सौगंध: 'एक था पाकिस्तान' की गूंज

**प्रियंका सौरभ**



'एक था पाकिस्तान' - यह केवल तीन शब्द नहीं हैं, बल्कि यह उन अनगिनत कुर्बानियों, टूटे सपनों और संघर्षों की कहानी है, जो भारतीय सभ्यता के दिल में गहरे तक समाई हुई हैं। जब हम यह वाक्य सुनते हैं, तो न केवल एक भूगोल का जिक्र होता है, बल्कि एक पूरी जड़ें, एक परिवार, एक संस्कृति, और एक सपना जो कभी हमारे अपने हिस्से में था। यह तीन शब्द उस दर्द, उस पीड़ा और उस उम्मीद का प्रतीक हैं जो विभाजन के समय के लाखों नागरिकों के दिलों में जीवित रहे।

**विभाजन की पीड़ा और वर्तमान वास्तविकता**-1947 का विभाजन महज एक भूगोल का बंटवारा नहीं था। यह दिलों का बिखराव था, यह जड़ों की टूटन थी, यह एक सभ्यता के विनाश का दौर था। उस समय लाखों परिवारों ने अपने घरों को खो दिया, अपने रिश्तों को खो दिया, और अपनी सांस्कृतिक पहचान को भी खो दिया। विभाजन के समय जो नफरत और हिंसा फैली, उसने कई परिवारों को कभी न खत्म होने वाली कड़वाहट दे दी। एक तरफ हिंदू और मुस्लिम एक-दूसरे के दोस्त थे, और दूसरी ओर वे अचानक दुश्मन बन गए, सिर्फ़ एक रेखा, एक खींची हुई सीमा, के कारण। अभी भी, विभाजन के समय की वह दर्दनाक यादें हमारे दिलों में कहीं न कहीं बसी रहती हैं। पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते कभी भी सामान्य नहीं हो पाए। लेकिन क्या हमें हमेशा के लिए इस विभाजन को अपनी सोच और जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए? क्या हम अपनी अगली पीढ़ियों को भी इसी घृणा और नफरत के जाल में फंसा कर रखें? यह विचार हमें बार-बार खुद से पूछने की जरूरत है। नफरत और भेदभाव की दीवारों को गिराना आसान नहीं होता, लेकिन क्या यह संभव नहीं है?

**हमारा सपना: एकता और शांति**-अगर हमें वास्तव में 'एक था पाकिस्तान' को एक साकार रूप देना है, तो हमे एकता की भावना को और भी मजबूत करना होगा। हमें यह समझना होगा कि शांति और स्थिरता की असली ताकत हमारी एकता में है, न कि हमारे भूतकाल में। हमें यह भी समझना होगा कि पाकिस्तान केवल एक भूगोल का नाम नहीं है, बल्कि यह भी उन दर्दनाक घटनाओं का गवाह है, जो कभी हमारे देश के हिस्से हुआ करती थीं। लेकिन क्या हमें अपने वर्तमान और भविष्य को उसी पुराने दर्द के आधार पर जीते रहना चाहिए? क्या हम हर कदम पर नफरत के जाल में उलझ कर अपनी असली शक्ति को खो देंगे? यदि हम चाहते हैं कि ह्यएक था पाकिस्तानह्व का सपना साकार हो, तो हमें एक ऐसा समाज बनाना होगा जहां हम न केवल अपने सैनिकों की हिफाजत करें, बल्कि अपने भीतर की नफरत को भी कम करें। हमें यह समझने की जरूरत है कि युद्ध और संघर्ष का समाधान नफरत से नहीं हो सकता। यह हमेशा शांतिपूर्ण संवाद और समझ के रास्ते से ही संभव है। क्या हम अपने दिलों में नफरत और द्वेष को जगह देने के बजाय, हर विवाद का हल एकजुटता और समझदारी से नहीं निकाल सकते?

**धर्म, जाति और सांस्कृतिक पहचान के मुद्दे**-हमारे समाज में विभाजन के बाद भी कई सवाल उठते हैं, जिनका जवाब हमें खोजने की जरूरत है। धर्म, जाति और भाषा के नाम पर हमारी पहचान को कैसे बचाएं? भारत एक बहु-सांस्कृतिक देश है, जहां विभिन्न जातियाँ, धर्म, और भाषाएँ एक साथ रहती हैं। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सभी का समृद्ध इतिहास एक समान है, और विभाजन हमें केवल अलग करने का काम करता है। भारत में धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता ने हमेशा हमें अपनी शक्ति और पहचान दी है, और हमें इसे अपनी एकता की नींव के रूप में स्वीकार करना चाहिए।

**आंतरिक बंटवारा: हमारे अंदर का पाकिस्तान**-यह अत्यंत दुखद है कि हम खुद भी आंतरिक बंटवारे का शिकार हो गए हैं। धर्म, जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर जिस तरह से हमारे समाज में घृणा और भेदभाव फैल रहा है, वह हमारे सपनों को कमजोर कर रहा है। अगर हमें 'एक था पाकिस्तान' का सपना साकार करना है, तो हमें खुद के भीतर की नफरत और अंधविश्वास को खत्म करना होगा। क्या हम अभी भी धर्म, जाति और क्षेत्र के आधार पर एक दूसरे से नफरत करेंगे? क्या हम अपने समृद्ध इतिहास और संस्कृति को भूलकर केवल असहमति और घृणा की राजनीति करेंगे?

**सैनिकों का बलिदान और उनकी भूमिका**-हमारे सैनिक हर दिन अपनी जान की बाजी लगाते हैं ताकि हमारे घरों में शांति बनी रहे। जब वे सीमा पर खड़े होते हैं, तो वे केवल एक राष्ट्र की रक्षा नहीं कर रहे होते, बल्कि उनकी बीवी, उनकी माँ, और उनके बच्चे भी उनकी सुरक्षा की कामना करते हैं। हमें यह समझना होगा कि सैनिकों का बलिदान केवल उनका नहीं, बल्कि उनके परिवारों का भी होता है। इन परिवारों का दर्द वही समझ सकता है जो खुद इसे महसूस करता है। जब एक सैनिक अपने घर से निकलता है, तो उसका परिवार जानता है कि वह शायद कभी लौटकर न आए। उनकी वीरता और कड़ी मेहनत के बिना हमारा देश सुरक्षित नहीं रह सकता। हमें उनके बलिदान को सम्मान देना होगा, क्योंकि वे हमारे असली नायक हैं।

**हमारी जिम्मेदारी और दायित्व**-हमें अपनी अगली पीढ़ी को यह समझाना होगा कि वे नफरत की राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट हो। शांति, सद्भाव और एकता में शक्ति है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे बच्चे एक ऐसे समाज में पले-बढ़ें, जो प्रेम, भाईचारे और समझ के सिद्धांतों पर चलता हो। इसके लिए हमें हर स्तर पर जागरूकता फैलानी होगी। सिर्फ सरकारें नहीं, बल्कि नागरिकों को भी इस दिशा में सक्रिय कदम उठाने होंगे। हर व्यक्ति को यह समझना होगा कि वह सिर्फ अपने देश का नागरिक नहीं है, बल्कि वह पूरे समाज की जिम्मेदारी निभा रहा है।


**नफरत की दीवारें तोड़ना**-आखिरकार, 'एक था पाकिस्तान' का सपना तब पूरा होगा जब हम नफरत की दीवारों को गिरा पाएंगे और समझदारी, भाईचारे और सहयोग की नदियाँ बहा सकेंगे। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि कोई भी सरहद हमें अलग नहीं करती। हमारी जड़ें एक हैं, हमारी संस्कृति एक है, और हमारा इतिहास भी एक है। जब हम अपने भीतर के भेदभाव और नफरत को खत्म करेंगे, तभी हम अपने देश को एकजुट कर पाएंगे। हमें यह भी समझना होगा कि पाकिस्तान एक देश नहीं, बल्कि एक भूतकाल है, जिसे हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए इतिहास के पन्नों में ही छोड़ सकते हैं।

**सिंदूर की सौगंध**-आखिर में, सिंदूर की सौगंध एक प्रतीक है - वह प्रतीक जो हमें यह याद दिलाता है कि हम अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए हर कुबार्नी देने को तैयार हैं। यह सिर्फ एक वाक्य नहीं, बल्कि एक वादा है कि हम अपने देश की रक्षा के लिए हर प्रकार का बलिदान देने को तैयार हैं। यही हमारे सैनिकों की वीरता का असली प्रतीक है। यह हमारे दिलों में वह प्रेरणा है, जो हमें कभी भी मुश्किलें आने पर अपने देश के लिए लड़ने की ताकत देती है। इस सपने को सच करने के लिए हमें न केवल बाहरी दुश्मनों से, बल्कि अपने भीतर की नफरत से भी लड़ना होगा। तभी एक दिन हम गर्व से कह सकेंगे - हाँ, 'एक था पाकिस्तान', और हम थे, हैं, और रहेंगे - एक, अखंड, अविनाशी भारत। हमारा भारत सदियों तक एकजुट और मजबूत रहेगा, जब हम हर मुश्किल के बावजूद अपनी एकता को बनाए रखेंगे।

व्यंग्य

# मतलबी रिश्तों का महासंग्राम


**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**



पहले रिश्ते नाजुक शीशे की तरह होते थे, जिन्हें लोग सहेजकर रखते थे। अब रिश्ते मजबूत प्लास्टिक की तरह हो गए हैं—मोच खा जाएँ तो गरम हवा में सीधा कर लो, टूट जाएँ तो दो नए ले आओ। समय बदल गया है, भाईसाहब! अब रिश्ते भावनाओं से नहीं, सुविधाओं से संचालित होते हैं। एक बार गाँव के पंडित जी ने कहा था—रिश्ते भगवान के वरदान होते हैं। अब पंडित जी को कौन बताए कि भगवान भी अब डिजिटल हो गया है। रिश्ते ई-वॉलेट में सेव रहते हैं, जरूरत पड़ी तो उपयोग कर लो। मोहल्ले के शर्मा जी ने पड़ोसी गुप्ता जी से दस हजार उधार लिए थे। जब तक पैसे थे, शर्मा जी गुप्ता जी को भैया कहकर पान खिलाते थे। पैसे लौटाने की बारी आई तो शर्मा जी ने नया रिश्ता खोज लिया—आप तो हमारे समधी तुल्य हैं! गुप्ता जी समझ ही नहीं पाए कि कब भैया से समधी बन गए। मोबाइल में सेव रिश्तों की सूची अब नाम के अनुसार नहीं, उपयोगिता के अनुसार वर्गीकृत होती है। कार के लिए मामा, नौकरी के लिए फूफा, फ्री ट्रीट के लिए दोस्त, और सोशल मीडिया लाइक्स के लिए कज़िन—ये आधुनिक रिश्तों के नए नाम हैं। किसी रिश्ते में भावनाएँ खोजने जाओ तो गूगल भी कहेगा—404! इमोशन नॉट फाउंड! बात इतनी बिगड़ गई है कि अब लोग रिश्तों को किसी भी किराए के सामान की तरह देखते हैं। माँ-बाप तब तक आदरणीय हैं जब तक बैंक बैलेंस अच्छा है, दोस्त तब तक प्रिय हैं जब तक पार्टी दे सकते हैं, और भाई-बहन तब तक शुभचिंतक हैं जब तक संपत्ति का बंटवारा नहीं हुआ। अगर आधुनिक रिश्तों का कोई घोषणापत्र बने, तो उसमें पहला नियम यही होगा—लाभ दिखाओ, तब तक टिके रहो। समाज का हाल यह है कि रिश्ते अब भावनाओं का चुम्बकीय क्षेत्र नहीं रहे, बल्कि सुविधाओं की कुर्सी हैं, जिसे जरूरत के हिसाब से खींचो और फिर किनारे कर दो। यही है 21वीं सदी के मतलबी रिश्तों का महासंग्राम—जहाँ हर कोई जीतना चाहता है, और हारने वाला अकेला रह जाता है।

## इंस्टाग्राम ला रहा है रील लॉक फीचर

इंस्टाग्राम जल्द ही एक नया प्राइवेसी फीचर पेश करने वाला है, जिससे यूजर्स अपनी रील्स को पासवर्ड से लॉक कर सकेंगे। यह सुविधा खासतौर पर उन यूजर्स और ब्रांड्स के लिए फायदेमंद होगी जो अपने कंटेंट को सीमित लोगों तक ही पहुंचाना चाहते हैं।




**कैसे काम करेगा फीचर?**- इस फीचर के जरिए रील्स को देखने के लिए पासवर्ड डालना जरूरी होगा। क्रिएटर चाहें तो पासवर्ड को कैप्शन में हिंट के रूप में दे सकते हैं या सीधे सेलेक्टेड यूजर्स के साथ शेयर कर सकते हैं। इससे कंटेंट सिर्फ उन्हीं लोगों तक पहुंचेगा, जिन्हें इसकी इजाजत दी गई है।

**कहां से आया संकेत?**-टेकक्रंच की रिपोर्ट के मुताबिक, इंस्टाग्राम के डिजाइन अकाउंट पर एक ऱ्लॉक्ड रीलऱ् पोस्ट की गई, जिसे देखने के लिए एक सीक्रेट कोड (३ँ१ीॅ२) डालना पड़ा। सही कोड डालने पर उङ्गेल्लॅ रङ्गङ्गल्ल का मैसेज दिखा, जिससे संकेत मिलता है कि यह फीचर जल्द आने वाला है।

**यूजर्स को क्या मिलेगा फायदा?**- ब्रांड्स इस फीचर का इस्तेमाल एक्सक्लूसिव लॉन्च या ऑफर्स के लिए कर सकेंगे। यूजर्स निजी वीडियो सिर्फ फैमिली या दोस्तों तक सीमित रख पाएंगे। क्रिएटर्स अपने फॉलोअर्स से एंगेजमेंट बढ़ाने के लिए इसे इंटरेक्टिव टूल की तरह इस्तेमाल कर सकेंगे।

**कब होगा लॉन्च?**- इंस्टाग्राम ने अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन टेस्टिंग संकेत दे रही है कि यह अपडेट जल्द ही सभी यूजर्स को मिल सकता है। यह फीचर इंस्टाग्राम की ओर से प्राइवेसी और कंटेंट सिक्योरिटी के क्षेत्र में एक अहम कदम माना जा रहा है।

## एक नजर

### नये कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर एवं एसपी ने ली बैठक

**कांकेर 8 मई ।** नये क़ानून के प्रभावी क्रियान्वयन के सबंध में आज कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री इंदिरा कल्याण एलेसेला ने आज जिला कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से कार्यपालिक दंडाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने नए कानूनों के क्रियान्वयन में आ रही दिक्कतों को दूर करने विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर एवं एसपी ने नये कानून के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में पुलिस विभाग द्वारा नए कानून के तहत समय पर कार्यवाही हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पीएम एवं अन्य मेडिकल रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी एसडीएम और तहसीलदारों को भी पुलिस विभाग द्वारा मांगे गए आवश्यक दस्तावेजों को भी जल्द से जल्द उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मण्डावी, अपर कलेक्टर श्री जितेंद्र कुर्रे एवं पुलिस अधिकारीगण उपस्थित थे।

### न्यायिक अधिकारी-कर्मचारी कॉलोनी एवं अधिवक्ता कक्ष का लोकार्पण

**कांकेर, 8 मई ।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा ने कांकेर में अधिवक्ता कक्ष, न्यायाधीश परिवार न्यायालय हेतु सी टाइप आवासगृह एवं भानुप्रतापपुर में न्यायिक कर्मचारियों के लिए नवनिर्मित निवास गृहों एवं एच टाइप आवासगृहों का भूमिपूजन वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया। मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा ने अपने उद्बोधन में न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उपलब्ध कराये जा रहे अधोसंरचना एवं तकनीकी सुविधाओं का इस प्रकार से उपयोग करें कि उसका अधिक से अधिक लाभ सभी स्टेकहोल्डर विशेष कर पक्षकारां को प्राप्त हो सके और न्याय पाने कि प्रक्रिया को सुलभ बनाया जा सके। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि राज्य के न्यायालयों को बुनियादी ढांचा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके तारतम्य में यह लोकार्पण एवं शिलान्यास हो रहा है। मुख्य न्यायाधीश के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं जिले के पोर्टफोलियो न्यायाधीश अमितेन्द्र किशोर प्रसाद भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आनंद कुमार ध्रुव ने मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा एवं न्यायाधीश श्री अमितेन्द्र किशोर प्रसाद का कांकेर एवं भानुप्रतापपुर में नवनिर्मित सर्व सुविधायुक्त रहवासी कॉलोनी, कांकेर में अधिवक्ता कक्ष एवं परिवार न्यायालय के आवास की सौगात देने के लिए कृतज्ञता व्यक्त किया।

### जिले में जल संरक्षण को मिलेगी नई दिशा

**कांकेर,8 मई ।** जल संरक्षण को लेकर जिले में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके तहत ''सबके जुबानी-बचाबो पानी'' महाभियान के तहत कांकेर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमाली में 08 मई से प्रारंभ किया जाएगा। इसमें संबंधित विभाग द्वारा ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व की जानकारी दी जायेगी।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि इस अभियान के तहत् पारंपरिक जल स्त्रोंतों का पुनर्जीवन, वर्षा जल संग्रहण और भू-जल स्तर को पुनः स्थापित करने हेतु प्रत्येक पंचायत में जल संरक्षण पर शपथ ग्रहण, जागरूकता रैली, पोखर, तालाब एवं जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, पुनर्भरण हेतु श्रमदान से नवीनीकरण तथा वर्षाजल संग्रहण हेतु एक-एक रिचार्ज पीट श्रमदान से तैयार करवाना व ग्रेवाटर प्रबंधन के लिए स्थल का चयन किया जाएगा। इस अभियान में जिले के हर ग्राम पंचायत में 09 से 25 मई तक जनप्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, पंच, वरिष्ठ नागरिक एवं समस्त ग्रामवासी तथा मनरेगा, बिहान स्वच्छ भारत मिशन, जल संसाधन, पीएचई विभाग के भागीदारी से जल संचयन की योजनाएं बनाई जाएगी।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए दावा-आपत्ति 15 मई तक

**कांकेर, 8 मई ।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत जिले के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु प्राक्कचयन परीक्षा का आयोजन किया था। आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं में प्राक्कचयन का मॉडल उत्तर विभागीय अवलोकन किया जा सकता है। इस संबंध में 15 मई तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

# लौहनगरी के जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों ने रेलवे डीआरएम का बचेली विश्राम गृह में किया घेराव

**विश्वजीत सरकार**

**बचेली, 8 मई।** जिला दंतेवाड़ा के बचेली में स्थित विश्राम गृह बैला क्लब एनएमडीसी गेस्ट हॉउस में बुधवार दिनांक 07 मई को रेल्वे लाईन की निरीक्षण करने पहुँचे किरंदुल कोत्तावलसा के.के रेल लाईन के डी.आर.एम के बचेली प्रवास की जानकारी मिलते ही स्थानीय लौहनगरी बचेली किरंदुल के जनप्रतिनिधि व जनता बचेली रेस्ट हाउस पहुंचकर डी.आर.एम का घेराव किया एवं लगातार एक के बाद एक प्रश्नों की झड़ी लगा दी वहीं लौहनगरी के स्थानीय लोगों में बेहद आक्रोश देखने को मिली ।

बैलाडीला से विशाखापट्टनम तक रोजाना चलने वाली नाइट एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेन का आवागमन बीते कई महीनों से किरंदुल तक नहीं हो रहा है स्थानीय लोगों को पैसेंजर व नाइट एक्सप्रेस में सफर करने के लिए बैलाडीला से दंतेवाड़ा तक जाना पड़ता है एवं किरंदुल में मार्केट वार्ड क्रमांक 06,07,0 8 में सन 1958 से मकान व दुकान बनाकर रहने वाले स्थानीय लोगों को रेलवे प्रशासन द्वारा रेल लाइन





दोहरीकरण व विस्तार करने के लिए दुकान व मकान तोड़ने की नोटिस दिया गया था जिसका आक्रोश आज लोगों में दिखा वहीं नगर पालिका किरंदुल के उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी के नेतृत्व में सैकड़ो की भीड़ बचेली गेस्ट हाउस में पहुंचकर अपनी अपनी विरोध प्रकट किया तब जाकर डी.आर.एम ने जनप्रतिनिधि सहित स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया है की मई माह समाप्त होने के पुर्व ही आप लोगों की जायज मांगों को पूर्ण करने की हर संभव प्रयास करेंगे डी.आर.एम ने मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों को अस्वस्थ करते हुए यह भी कहा की मेरे साथ प्रवास में आई हुई टीम जल्द से जल्द हर एक समस्या की निराकरण के लिए ही आज यहां पर उपस्थित है।

किरंदुल पालिका उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी ने दो टूक शब्दों में कहा यदि मई माह के अंत तक सारी मांगों पर अमल नहीं किया गया तो जनता विवस होकर पटरी पर बैठेगी एवं मालगाड़ियों को रोक कर जेल भरो जैसे आंदोलन प्रारंभ कि जायेगी

दंतेवाड़ा जिले के लौहनगरी बचेली किरंदुल में माल गाड़ियों से लोहा अयस्क का परिवहन निरंतर जारी है लेकिन पैसेंजर एवं नाइट एक्सप्रेस ट्रेनो का संचालन जनहित का हवाला देकर बंद रखी गई है। इसी का विरोध किरंदुल नगर पालिका उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी लगातार कर रहे हैं और आज डी.आर.एम के बचेली प्रवास में पहुंचने के उपरांत सिद्दीकी ने सैकड़ो पीड़ितों के साथ बचेली गेस्ट हाउस पहुंचकर डीआरएम का घेराव किया एवं उन्हें चेतावनी दी की पैसेंजर और नाइट एक्सप्रेस ट्रेनों को चालू करें एवं वार्ड क्रमांक 06,07 एवं 08 में निवासरत लोगों को हटाने के लिए मिल रहे नोटिस को सार्वजनिक करते हुए लौहनगरी किरंदुल में 1958 से बसे हुए लोगों को हटाने की धमकी एवं चेतावनी को खारिज किया जाए रेल लाइन बिछाने से पहले से बसे हुए स्थानीय लोगो एवं व्यापारीयो की मकाने एवं दुकानें यथावत रहने दिया जाय..

सतीश प्रेमचंदानी उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बड़े बचेली ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने प्रतिनिधित्व मंडल के साथ डी.आर.एम को ज्ञापन सौपते हुए मीडिया से कहा यदि जनता की मांग के अनुरूप निराकरण सुनिश्चित नहीं की जाती है तो प्रभावित लोगों के साथ अपने हक एवं अधिकारों के लिये विवस होकर विरोध प्रदर्शन करने के लिए पटरी में बैठना पड़ेगा उक्त मामले को लेकर यदि माहौल व कानून व्यवस्था बिगड़ती है तो इसकी संपूर्ण जवाबदारी ईस्ट कोस्ट रेलवे प्रशासन एवं डी.आर.एम की होगीबैलाडीला व्यापारी संघ के अध्यक्ष मंजू छालीवाल एवं सचिव रणवीर सिंह चौहान ने भी डी.आर.एम को स्पष्ट रूप से कहा की मामले को गंभीरता से लेते हुये यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर उक्त समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो किरंदुल से लौह अयस्क परिवहन करने वाली माल गाड़ियों को रोककर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## समाज सुधारक के संघर्ष पर आधारित फिल्म फूले का प्रदर्शन किशोर टॉकीज में 9 मई को



**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**कोडागाँव, 8 मई।** किशोर टॉकीज (सिनेमाघर )कोडागाँव में दिनांक 9 /5/ 2025 दिन शुक्रवार समय 12ः00 बजे से फिल्म फूले लगाया जा रहा है इस फिल्म उद्देश्य शिक्षा पर आधारित है और इस देश में शिक्षा के ज्योत जलाने वाले महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले का जन्म 17 अप्रैल 1827 में माली जाति पिछड़ा वर्ग में हुआ था उनकी पत्नी का नाम माता सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 में नयागांव सतारा महाराष्ट्र में हुआ था उस समय ऊंची जातियों द्वारा छुआछूत भेदभाव पक्षपात और शोषण अन्याय अत्याचार चरम पर था इसके खिलाफ अभियान चलाया और महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने शिक्षा से वंचितों को शिक्षित करने हेतु पुणे के बंधावार पेठ में 1848 में प्रथम बालिका विद्यालय खोला था जिसमें बालिकाओं को शिक्षित करने का दायित्व उन्होंने अपनी पत्नी माता सावित्री बाई फुले को सौफा था और देश की प्रथम महिला शिक्षिका बनी जिसमें फातिमा शेख उसे समय पहली छात्रा थी और महिलाओं एवं दलित पिछड़ों के इलाके में घूम घूम कर पढ़ाई के लिए प्रेरित करती थी और महात्मा ज्योति राव फूले ने दलितों पिछड़ों के उत्थान के लिए 28 सितंबर 1873 को सत्यशोधक समाज का स्थापना की महात्मा ज्योतिबा फुले स्वाभिमान व त्याग के प्रतीक तथा महान समाज सुधारक के संघर्षो पर आधारित यह फिल्म फूले कोडागाँव किशोर टॉकीज में लगाया जा रहा है जिसमें एससी एसटी ओबीसी एवं धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के लोगों से अपील निवेदन है कि इस फिल्म को देखना ना भूले अपने परिवार के साथ किशोर टॉकीज में इस फूले फिल्म को देखने का कष्ट करेंगे। फूले फिल्म की तैयारी को लेकर सर्व आदिवासी समाज भवन कोडागाँव में एससी एसटी ओबीसी समाज की बैठक रखा गया जिसमें बंगाराम शोढी अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज एवं धंसराज टंडन अध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति वर्ग व मनोज देवांगन जिला उपाध्यक्ष सर्व पिछड़ा वर्ग समाज एवं संरक्षक एम डी बघेल, कृष्णा पटेल कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष पटेल मरार समाज, वीरेंद्र बघेल युवा अध्यक्ष, यतेंद्र सलाम युवा अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे समाज प्रमुखों ने अपने-अपने वर्ग समाज को फुले फिल्म देखने हेतु अपील निवेदन किया गया

### दंतेवाड़ा बना छत्तीसगढ़ में शिक्षा की नई पहचान

**दंतेवाड़ा, 8 मई ।** दंतेवाड़ा जिले ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में ऐतिहासिक प्रदर्शन कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। जो एक समय यह जिला नक्सल प्रभावित और पिछड़ेपन के लिए जाना जाता था, वहीं आज यह शिक्षा में उत्कृष्टता का प्रतीक बन गया है।10वीं बोर्ड परीक्षा में दंतेवाड़ा राज्य में प्रथम स्थान परइस वर्ष कक्षा 10वीं में दंतेवाड़ा ने 94.45ः उत्तीर्णता दर के साथ पूरे राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह प्रदर्शन पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय प्रगति है, जब जिले का उत्तीर्ण प्रतिशत 85.13ः था और राज्य में 8वाँ स्थान मिला था।12वीं बोर्ड परीक्षा में 87.66ः उत्तीर्णता, राज्य में 6 वाँ स्थानइसी तरह कक्षा 12वीं में भी जिले ने 87.66ः उत्तीर्णता दर प्राप्त की है, जिससे राज्य में दंतेवाड़ा को 6वाँ स्थान मिला। पिछले वर्ष यह प्रतिशत 83.99ः था ।

## सोरगांव, केशरपाल व तुरपुरा-1 में 52 लाख के विकास कार्यों का वनमंत्री ने किया भूमिपूजन और लोकार्पण

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**जगदलपुर,8 मई।** वनमंत्री केदार कश्यप क्षेत्रीय प्रवास पर हैं जहां उन्होंने आज नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के बस्तर विकास खंड में 52 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान वनमंत्री केदार कश्यप ने क्षेत्रवासियों को साय सरकार के संकल्पों से अवगत कराया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बस्तर के विकास के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी की भाजपा सरकार संकल्पित है। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेश बनाने का हमारा सपना अब साकार होने लगा है। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार नियद नेल्ला नार जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से बस्तर के दुरस्थ क्षेत्रों में मूलभुत अवश्यकताओं को पूरा कर रही है। हमारी सरकार ने आज नक्सलवाद को बस्तर से समाप्त करने का कठोर कदम उठाया है और आज परिणाम सबके समक्ष है बस्तर से नक्सलवाद समाप्त होता दिख रहा है। नक्सल मुक्त और विकास के मार्ग में आगे बढ़ रहा है।

**क्षेत्रवासियों को सौगात, हमारी सरकार हर वादा कर रही पूरा**

वनमंत्री केदार कश्यप ने आज नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल भानपुरी के ग्राम सोरगांव, तूरपुरा एवं केशरपाल में विभिन्न विकासकार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को सौगात समर्पित किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि विष्णुदेव साय सरकार में आज बस्तर तेज गति से विकास कर रहा है। बस्तर और नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के हर प्रवास में क्षेत्रवासियों को भाजपा सरकार के द्वारा लाखों करोड़ों की सौगात देने का क्रम जारी है। केदार कश्यप ने कहा हमारी साय सरकार ने बस्तर वासियों से जो वाद किया उसे पूरा करने का प्रयास कर रही है।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल जी, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण सांखला, विजय पांडेय, ख़ितेश मौर्य, गौरव कश्यप सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण एवं भाजपा पदाधिकारीगण व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।



**पीएम मोदी ने पाकिस्तान को मुहतोड़ जवाब दिया है इसलिए आज विपक्ष का मुँह बंद है**

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि पहलगाम कि घटना हमारे देश के लिये दुःखद घटना थी। पुरे देश को इस घटना ने झकझोर कर रख दिया था। लेकिन आज जिस प्रकार से शक्तिशाली नेतृत्व के कारण देश हर स्तर पर मज़बूत हुआ है उसका ही परिणाम है कि पाकिस्तान पर हमारे देश के वीर योद्धाओं ने ऑपरेशन सिन्दूर के माध्यम से पाकिस्तान को मुँह तोड़ जवाब दिया है. इस जवाब ने विपक्ष के मुँह को बंद कर दिया है। आज पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व क्षमता का तारीफ कर रहा है। मोदी जी ने एक बार फिर यह साबित किया है कि हम घर में घुस कर मरेंगे।

# समाधान शिविर में 52 हितग्राहियों को मिला राशन कार्ड

**सुकमा, 8 मई ।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिले में तृतीय चरण की शुरुआत हो चुकी है। इस चरण में जिले के सभी विकासखंडों में निर्धारित तिथियों पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड छिंदगढ़ में ग्राम पंचायत कुंदनपाल में समाधान शिविरों का सफल आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत कुंदनपाल में आज समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुंदनपाल, कुन्ना, मिचवार, डब्बा, पुसगुन्ना, अधिकारीरास एवं गोरली के ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान सभी विभागीय अधिकारियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सभी विभागों ने स्टॉल लगाकर सुशासन तिहार अंतर्गत आवेदन ली। आवेदनों को शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दियाइस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री हुंगा राम मरकाम ने कहा कि वर्तमान में सुकमा जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है और यह प्रदेश एवं देश को विकसित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना चलाई जा रही है तथा किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। साथ ही ग्रामीणों को अपना पक्का मकान बनाने हेतु आवास योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृति दी जा रही है। पंचायतों में पारदर्शिता के लिए डिजिटल सेवाएं प्रारंभ की गई हैं, जिससे जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्री हूंगा राम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अंजली मरकाम, जनपद सदस्य स्तुति सोढ़ी, जनपद सदस्य लक्ष्मण मंडावी, जनपद सदस्य बुधरा मुचाकी सहित सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।




**समाधान शिविर में मिला जीवन को सहारा**

समाधान शिविर कुन्दनपाल के दौरान कुल 52 हितग्राहियों को राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और मुख्यमंत्री पेंशन योजना अंतर्गत 05 हितग्राही लाभान्वित हुए। इसके अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 21 हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु स्वीकृति पत्र प्रदान की गई।

**गोद भराई एवं अन्न प्राशन कार्यक्रम आयोजित**


सुशासन तिहार के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्न प्राशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बच्चों को अन्न प्राशन कराया गया। साथ ही गर्भवती महिला को गोद भराई कार्यक्रम कर उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई।

### जल जीवन मिशन कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**सुकमा, 8 मई ।** जिला सुकमा के ग्राम नागारास में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण विगत दिवस को कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लिया और मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को कार्य को गुणवत्ता के साथ समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि जल जीवन मिशन आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि कार्य की सतत निगरानी सुनिश्चित करें ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द इस योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

## सुशासन तिहार में स्वच्छता को मिला बढ़ावा



**सुकमा, 8 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जनसुनवाई और त्वरित समाधान की प्रक्रिया में जिले में कुल 98 हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। यह कार्यवाही उन आवेदनों के आधार पर की गई, जिनमें ग्रामीणों ने समाधान शिविर के दौरान अपनी समस्याएं रखी थीं। ग्रामीणों की माँग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन ने इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पात्रता की पुष्टि कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुकमा विकासखंड में 36, कोंटा विकासखंड के 10 और छिंदगढ़ विकासखंड के 52 कुल 98 हितग्राहियों को सुशासन तिहार में व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृत किया गया। कोंटा विकासखंड के संवेदनशील क्षेत्र पुनपल्ली पंचायत में 10 हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय की स्वीकृती प्रदान की गई।

**जनसेवा और स्वच्छता की दिशा में सराहनीय पहल**-सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन और सुशासन तिहार की भावना को मूर्त रूप देने में यह पहल एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा के लिए उठाया गया यह कदम ग्रामीण स्वच्छता और सम्मानजनक जीवन के लिए आवश्यक है। संवेदनशीलता और जवाबदेही को दर्शाती है, जो आम नागरिकों की बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता देने की दिशा में लगातार प्रयासरत है।

## कक्षा दसवीं की परीक्षा में प्रियंका मुचाकी ने किया जिले का नाम रोशन

**सुकमा, 8 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2025 का परिणाम आज घोषित किया गया है। कक्षा 10वीं का परीक्षाफल 89.76 प्रतिशत और 12वीं कक्षा का परीक्षाफल 84.11 प्रतिशत रहा। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने सभी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। कक्षा 10वीं की परीक्षा में प्रियंका मुचाकी ने सुकमा जिले का नाम



रोशन किया। उन्होंने पूरे प्रदेश में टॉप 10 में जगह बनाते हुए छठवां स्थान प्राप्त किया। प्रियंका मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल सुकमा की छात्रा हैं। इस वर्ष कक्षा 10 वीं की परीक्षा में सुकमा जिले से 1886 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमे से 1657 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10 वीं की परीक्षा में 91.81त्न बालिकाएं तथा 87.99त्न बालक उत्तीर्ण रहे। इसी प्रकार सुकमा जिले से कक्षा 12वीं की परीक्षा में 1411 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमे से 1234 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12 वीं की परीक्षा में 87.34त्न बालिकाएं तथा 81.08त्न बालक उत्तीर्ण रहे। उल्लेखनीय है कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं 1 मार्च से 28 मार्च के बीच आयोजित की गई थीं और कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं 3 मार्च से 24 मार्च के बीच संपन्न हुई थीं।

## आंधी और तेज बारिश का असर पेड़ गिरने से 6 घंटे बिजली रही गुल

**बीजापुर, 8 मई।** बुधवार की देर शाम अचानक आंधी तुफान और.झमाझम बारिश होने के कारण नगर के बीच बस्ती मे पोस्ट आफिस के पास आम का पेड गिरने से लगभग छै घंटे बिजली सेवा बाधित रही जिससे आमजनमानस को काफी परेशानियों से गुजरना पड़ा तेज हवा और बारिश से एक शादी पार्टी भी प्रभावित हुई हालांकि इधर विद्युत सेवा के बाधित होने के तुंरत बाद विधुत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी मुस्तैदी दिखाई और सेवा बहाल करने मे कोई कसर नहीं छोडी इस तरह शाम से बाधित हुई विधुत सेवा देर रात एक बजे के आसपास बहाल कर दी गई इस बीच देर रात तक विधुत विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर डटे रहे सेवा बहाल करने मे अहम भूमिका निभाई इस काम मे नगरपालिका. की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही जिन्होंने तत्काल मौके पर पहुंच कर गिरे पेड को हटाने मे अपनी तत्परता दिखाई इससे कुछ घंटे जरूर लोगों को परेशानी हुई पर बिजली के देर रात ही बहाल हो जाने से लोगों ने गर्मी से रा हत पाई यहां बतादे पिछले एक सप्ताह से बीजापुर का मौसम बदला हुआ है और आये दिन शाम होते ही गरजचमक के साथ बारिश हो रही है गर्मी से थोड़ी राहत तो जरूर मिल रही है पर जिले के क ई ग्रामीण इलाकों मे लोगों के घरों के छत उड गये है और उन क्षेत्रों मे क ई क ई घंटे बिजली सेवा बाधित रही है अभी भी कुछ क्षेत्रों मे पेड इत्यादि गिरने से बिजली सेवा बाधित है हालांकि विधुत अधिकारी कर्मचारी अपनी सेवा देने मे कोई कसर नहीं छोड रहे है तथापि बेमौसम के हालात से उन्हें भी सेवा बहाल करने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## भारतीय सेना की वीरता का प्रमाण है पाकिस्तान में सफल एयर स्ट्राइक :संजय

**जगदलपुर, 8 मई।** जगदलपुर महापौर संजय पाण्डे ने कहा भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के 9 ठिकानों पर सटीक और प्रभावी एयर स्ट्राइक कर पहलगाम के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है।उन्होंने कहा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई, ने पूरे राष्ट्र को झकझोर दिया था। इस नृशंस हमले के पीछे पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का काला साया स्पष्ट था। भारतीय वायुसेना ने एक बार फिर अपनी अदम्य शौर्य और देशभक्ति का परिचय देते हुए पाकिस्तान की धरती पर आतंकवाद के खिलाफ



निर्णायक एयर स्ट्राइक को अंजाम दिया है। यह ऑपरेशन न केवल हमारी सेना की सामरिक कुशलता का प्रतीक है, बल्कि भारत की संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का भी जीवंत प्रमाण है। हमारे वीर जवानों ने अथक साहस और पराक्रम के साथ आतंकवाद के गढ़ों को नेस्तनाबूद कर देश के शत्रुओं को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए कड़े से कड़ा कदम उठा सकता है। ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव को समर्पित एक ऐतिहासिक कदम है, जो हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति की ज्वाला को और प्रज्वलित करता है।

श्री पाण्डे ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक बार फिर दुनिया को दिखा दिया है कि ÷नया भारत÷ न तो चुप बैठता है और न ही झुकता है। हमारे सशस्त्र बलों ने अपनी वीरता से यह संदेश दिया है कि भारत की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा। केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री अजित डोभाल के मार्गदर्शन में यह ऑपरेशन न केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन है, बल्कि भारत के 140 करोड़ नागरिकों के संकल्प और एकजुटता का प्रतीक भी है।

## एक नजर

### यातायात नियम पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर की जा रही कार्रवाई



**बीजापुर 8 मई ।** कलेक्टर महोदय बीजापुर श्री संबित पात्रा एवं पुलिस अधीक्षक महोदय बीजापुर डॉ. श्री जितेन्द्र कुमार यादव के दिशा-निर्देश एवं अति. पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री चंद्रकात गवर्ना, उप पुलिस अधीक्षक (नोडल यातायात) श्री विनीत कुमार साहू के मार्गदर्शन में परिवहन अधिकारी श्री किशन लाल मोहर एवं यातायात विभाग बीजापुर के द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले ट्रेलर, बस, पिकप, ट्रेक्टर एवं कार चालकों से बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना सीटबेल्ट, बिना फिटनेस एवं बिना नम्बर के वाहन चलाते हुये पाये जाने वाले वाहन चालकों पर 37 प्रकरण तैयार करते हुये कुल 35500/- रूपये का समन शुल्क लिया गया। एवं उक्त वाहन चालको को यातायात नियमों का पालन करने, नशा सेवन कर वाहन न चलने एवं वाहनो का सम्पूर्ण दस्तावेज, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने का हिदायत दिया गया । उक्त कार्यवाही में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस बीजापुर के स्टाफ उपस्थित रहें।

### केलो नहर निर्माण की प्रगति का निरीक्षण करने पहुंचे वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी

**रायगढ़, 8 मई।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने सुबह से पुसौर विकासखण्ड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। यहां उन्होंने केलो नहर निर्माण की प्रगति का जायजा लिया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने ग्राम देवलसुर्रा, दर्रीपाली, मल्दा, पडिग़ांव, पुसौर और बाघाडोला में लघु नहर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी भी इस दौरान उपस्थित रहे।वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से अब तक की हुई प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। ईई केलो परियोजना श्री मनीष गुप्ता ने बताया कि लघु नहरों के लिए खुदाई का काम चल रहा है। करीब 80 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। मुख्य वितरक नहरों का कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है। जो शेष काम है उसे भी तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। इस बीच नहर मार्ग में आने वाले स्ट्रक्चर निर्माण के लिए भी आवश्यक कार्य किया जा रहा है। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि निर्माण कार्यों के लिहाज से गर्मी का यह समय अनुकूल है, इसका लाभ लेते हुए समुचित संसाधनों के साथ तेजी से कार्यों को आगे बढ़ाते हुए बारिश शुरू होने से पूर्व पूरा करें।

# संकनपल्ली समाधान शिविर में कलेक्टर ने आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 8 मई ।** सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण में उसूर ब्लॉक के संकनपल्ली ग्राम पंचायत में समाधान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें ग्राम पंचायत संकनपल्ली, ईलमिड़ी, सेमलडोडी, लंकापल्ली एवं ग्राम पंचायत एंगपल्ली के हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए समाधान शिविर का जन चौपाल आम पेड़ के छांव में लगा।

समाधान शिविर के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकारी कोरसा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कलेक्टर श्री सबित मिश्रा ने संकनपल्ली समाधान शिविर आ अवलोकन कर विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में पहुंचकर मांग एवं शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी सुगमतापूर्वक देने एवं योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। वहीं उपस्थित ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। कलेक्टर ने कृषि, उद्यानिकी, राजस्व, स्वास्थ्य, खाद्य विभाग सहित सभी विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया।

कलेक्टर ने बताया कि यह उसूर ब्लॉक का पहला शिविर है जिसमें लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं मांगो का त्वरित निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। जिला स्तर पर निराकृत होने वाले आवेदन का निराकरण किया जा रहा है वहीं शासन स्तर के मांगो को शासन स्तर पर प्रेषित करने की कार्यवाही की जा रही है। विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों को प्राप्त आवेदन एवं उनके निराकरण की वस्तुस्थिति की जानकारी आवेदकों को दी जा रही है। प्राथमिक शाला एंगपल्ली सड़क के किनारे स्थित होने की जानकारी मिलने एवं ग्रामीणों द्वारा तार फेंसिंग की मांग पर तत्काल 5 लाख रूपए की लागत से तार फेंसिंग कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई।

**नक्सल पीड़ित तीन परिवारों को मिला प्रधानमंत्री आवास का प्रथम किश्त**

सुशासन तिहार अर्न्तगत नक्सल पीड़ित 3 परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत त्वरित प्रथम किश्त मिला। आवास के हितग्राही बने सुशीला बुरका, बुच्ची बुरका एवं लच्छी सोड़ी ने नक्सलियों द्वारा उनके परिवार पर किए हिंसात्मक वारदातों को बताते हुए भावुक हो गए। वहीं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन तिहार एवं समाधान शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीणों तक अब प्रशासन की पहुंच होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है आवास योजना से लाभान्वित होकर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किए।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा ने सभी ग्रामीणों से सुशासन तिहार के समाधान शिविर के इस सुनहरे अवसर का भरपूर लाभ लेने अधिक से अधिक संख्या में अपनी मांगो और समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखने की अपील की। वहीं उन्होने कहा कि श्री विष्णुदेव का सुशासन है सभी को उनके हक और अधिकार मिलेंगे। मुख्यमंत्री जी के सकारात्मक सोच और पहल से बीजापुर में अमन चैन और शांति के साथ विकास की गति भी तीव्र हुई है।

# बस्तर की बेटियों का कमाल, बस्तर विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल टीम को मिला पहला कांस्य पदक



**बीजापुर, 8 मई ।** ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल वुमन चैंपियनशिप जोकि आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में 30 अप्रैल से 3 मई तक आयोजित हुई थी जिसमें ऑल ओवर इंडिया से 96 यूनिवर्सिटी टीमों ने हिस्सा लिया था जिसमें शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर यूनिवर्सिटी टॉप 4 में अपनी जगह बनाई और ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया आज जिले के कलेक्टर श्री संबित मिश्रा और डिप्टी कलेक्टर अकादमी के प्रभारी श्री नारायण प्रसाद गवेल और साथ में उपस्थित श्रम निरीक्षक एवं अंतर्राष्ट्रीय कोच सोपान कर्णेवार के साथ खिलाड़ी रेणुका तेलम विमला तेलम चंद्रकला तेलम ज्योति हेमला खिलाडियों को कलेक्टर महोदय के द्वारा मेडल पहनाया गया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की एवं आने वाले भविष्य के लिए हार्दिक बधाइयां दी बस्तर यूनिवर्सिटी टीम में रेणुका और विमला दोनों ही अंतर्राष्ट्रीय भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व पिछले साल कर चुके हैं ज्योति हेमला के द्वारा नेशनल गेम्स में पार्टिसिपेशन करते हुए छत्तीसगढ़ टीम को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था और वही इस सत्र रेणुका तेलम और चंद्रकला तेलम एक बार फिर से भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### तकनीक आधारित सुधारों से रजिस्ट्री को बना रहे और सरल: ओपी चौधरी

**रायगढ़, 8 मई।** पंजीयन विभाग में रजिस्ट्री को लेकर की गई दस नई क्रांतिकारी पहल पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि एक आम आदमी जीवन में एक दो बार ही रजिस्ट्री करता है। यह जीवन में सबसे बड़ी खुशियों के पल में से एक होता है। पूरे जिंदगी की मेहनत से वह यह उपलब्धि हासिल करता है। उसका यह अनुभव अच्छा हो, इस भावना के साथ हमने प्रदेश में रजिस्ट्री की प्रक्रिया को दस नई पहलों के जरिए सुगम, सरल व पारदर्शी बनाने का काम किया है। जिससे पंजीयन का सिस्टम बेहतर बने, लोगों को अधिक सुविधाएं मिले, उनकी दिक्कतें कम हो और सबसे महत्वपूर्ण इस पूरी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की संभावनाएं खत्म हो। कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में यह एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें पंजीयन विभाग के विषय-विशेषज्ञों द्वारा रायगढ़ के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व मीडिया प्रतिनिधियों को विभाग की इन महत्वपूर्ण पहलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।


### आयुष्मान आरोग्य मंदिर मद्देड़ को राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रमाणीकरण में मिला प्रथम स्थान



**बीजापुर, 8 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बीजापुर के अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर मद्देड़ (भोपालपटनम) में गुणवत्ता पूर्व स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय मूल्यांकन 04 अप्रैल 2025 एवं 05 अप्रैल 2025 को आयुषमान आरोग्य मंदिर मददेड़ का राष्ट्रीय दह्नक्स्ड्ट मूल्यांकन डॉ0 प्रभावती रेड्डी (कडपा आन्ध्रप्रदेश) एवं डॉ0 देवेन्द्र कुमार बिट्टोरिया (झाँसी, उत्तरप्रदेश) के द्वारा छः विभागो का मूल्यांकन किया गया। इनमें मातृ एवं शिशु सेवाएं प्रसव, टिकाकरण, नेशनल हेल्थ प्रोग्राम, लैब सर्विसेस, ओ0पी0डी0, आई0पी0डी0, दस्तावेजों का रखरखाव, अस्पताल की साफ-सफाई तथा मरीजों का फिडबैक को आधार मानकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मद्देड़ को 92.92 प्रतिशत अंक प्रदान किया गया, कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन तथा डॉ0 बी0आर0 पुजारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बीजापुर के नेतृत्व में श्री वरुण साहू, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम जिला बीजापुर, डॉ0 विकास गवेल (खण्ड चिकित्सा अधिकारी बीजापुर) डॉ0 के0 चेल्लापत्ती राव, (खण्ड चिकित्सा अधिकारी भोपालपटनम) एवं सुश्री मानसी ताटपल्ली (डी0पी0एम0ओ0) के मार्गदर्शन एवं के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मद्देड के डा0 पूजा कश्यप (चिकित्सा अधिकारी) प्रभारी श्रीमती गायत्री गुरला (ग्रामीण चिकित्सा सहायक) एवं समस्त कर्मचारीयों व मितानीनों का योगदान रहा।

# छुरा वन परिक्षेत्र में तेंदुआ कुएं में गिरा, वन विभाग ने निकाला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद,8 मई।** गरियाबंद जिले के छुरा से मात्र 3 किलोमीटर दूर पंडरीपानी (खरखरा) गांव में आज सुबह एक रोमांचक और हृदयस्पर्शी घटना सामने आई, जब एक तेंदुआ मुर्गी का शिकार करने के चक्कर में 40 फीट गहरे कुएं में जा गिरा। यह घटना छुरा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत हुई, जहां वन विभाग की टीम ने तेंदुए को बचाने के लिए कई घंटों तक अथक प्रयास किए। अंततः, एक सिढ़ी की मदद से तेंदुआ कुएं से बाहर निकला और जंगल की ओर भाग गया।

**मुर्गी के शिकार में फंसा तेंदुआ**-आज सुबह 4-5 बजे पंडरीपानी गांव के एक घर में तेंदुआ घुस कर मुर्गी का शिकार कर रहा था इसी बीच मुर्गी के भागने से तेंदुआ संतुलन खो बैठा और पास ही स्थित एक 40 फीट गहरे कुएं में गिर गया। कुएं में पानी की मात्रा कम होने के कारण तेंदुआ डूबने से बच गया, लेकिन गहराई और चिकनी दीवारों के कारण वह बाहर नहीं निकल पा रहा था। ग्रामीणों ने तेंदुए की दहाड़ सुनकर तुरंत वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद पानडुका वन परिक्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची।ग्रामीणों में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल बन गया, क्योंकि तेंदुआ पहले भी गांव के आसपास देखा जा चुका था। स्थानीय निवासियो ने बताया, ÷सुबह जब हमने कुएं से दहाड़ने की आवाज सुनी, तो डर गए। तेंदुआ मुर्गी लेकर भाग रहा था, लेकिन कुएं में गिर गया। हमने तुरंत वन विभाग को फोन किया।

**वन विभाग का रेस्क्यू ऑपरेशन कई प्रयास विफल**-सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम, जिसमें वन परिक्षेत्र अधिकारी, वनरक्षक, के सदस्य शामिल पहुंचे। तेंदुए को सुरक्षित निकालने के लिए कई तरह के उपाय आजमाए गए। शुरुआत में, टीम ने रस्सी और पिंजरे की मदद से तेंदुए को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन गहरे कुएं और तेंदुए की अस्थिर स्थिति के कारण यह प्रयास विफल रहा। इसके बाद, नेट पलंग खाट और अन्य उपकरणों का उपयोग किया गया, लेकिन तेंदुआ घबराया हुआ था और बार-बार कुएं की दीवारों पर चढ़ने की कोशिश में असफल हो रहा था। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया, ÷तेंदुआ डरा हुआ था और कुएं की गहराई के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी मुश्किलें आ रही थीं। हमारा पहला लक्ष्य था कि तेंदुए को बिना नुकसान पहुंचाए सुरक्षित बाहर निकाला जाए। कई उपाय आजमाने के बाद भी सफलता नहीं मिल रही थी, जिससे हमारी चिंता बढ़ रही थी।

**सिढ़ी बनी रेस्क्यू की कुंजी**-लंबे समय तक असफल प्रयासों के बाद, वन विभाग की टीम ने एक अनोखा और सरल उपाय अपनाया। उन्होंने एक मजबूत सिढ़ी को कुएं में उतारा, जिसे दीवार के सहारे स्थिर किया गया। इस सिढ़ी को देखकर तेंदुआ धीरे-धीरे शांत हुआ और उसने सिढ़ी के सहारे ऊपर चढ़ना शुरू किया। कुछ ही मिनटों में तेंदुआ कुएं से बाहर निकल आया और तेजी से पास के जंगल की ओर भाग गया। इस दौरान, वन विभाग ने ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी पर रखा ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता पर वन विभाग की टीम ने राहत की सांस ली। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस मानवीय प्रयास की सराहना की। एक ग्रामीण, श्यामबाई ने कहा, ÷हम डर रहे थे कि तेंदुआ मर जाएगा या कोई और खतरा हो जाएगा। लेकिन वन विभाग ने बहुत अच्छा काम किया। सिढ़ी का आइडिया कमाल का था।

**छुरा-पाँडुका वन परिक्षेत्र और तेंदुओं की स्थिति**-छुरा-पानडुका वन परिक्षेत्र, गरियाबंद जिले का एक संवेदनशील वन्यजीव क्षेत्र है, जो तेंदुओं और अन्य वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास है। हाल के वर्षों में, मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं इस क्षेत्र में बढ़ी हैं, क्योंकि जंगल सिकुड़ने और मानव बस्तियों के विस्तार के कारण तेंदुए गांवों के करीब आ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि खुले कुओं और पानी के स्रोतों की कमी तेंदुओं को मानव बस्तियों की ओर आकर्षित कर रही है।वन विभाग की चुनौतियां और भविष्य के उपायइस घटना ने एक बार फिर खुले कुओं से होने वाले खतरों को उजागर किया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पेंच और कान्हा नेशनल पार्क जैसे क्षेत्रों में कुओं को बाउंड्री वॉल से सुरक्षित करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन कई जगहों पर यह कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

### प्रतिभाओं को नई दिशा देगा समर कैम्प



**बीजापुर, 8 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन द्वारा कोविड के दौरान पढ़ाई में आई हुई बाधाओं को दूर करने और नए शिक्षा सत्र में बेहतर तैयारी के साथ स्कूल की शिक्षा को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से कमाल का समर कैम्प संचालित किया जा रहा है। इस कैम्प में बच्चे बुनियादी शिक्षा के तहत भाषा और गणित के बुनियादी दक्षताओं को हासिल करेंगे तथा नए सत्र में स्वयं को अगली कक्षाओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करेंगे। समर क्लास के प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा बच्चों को लर्निंग मटेरियल उपलब्ध कराया गया है जिसमें गांव-गांव में बच्चे गतिविधियों के माध्यम से आनंदमयी माहौल में सीखने को उत्साहित हैं।बीजापुर ब्लॉक में 94, भैरमगढ़ में 110, भोपालपटनम में 123 और उसूर में 70 स्थानों पर स्थानीय युवाओं के द्वारा बच्चों के बौद्धिक और रचनात्मक रुचि अनुसार प्रतिदिन सुबह 7.30 से 9.00 बजे के बीच कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है जिसमें लगभग 5200 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं।

बच्चों के गुणवत्ता विकास में होगा लाभ - श्री संबित मिश्रा-समर क्लास कमजोर बच्चों के लिए एक अच्छी पहल है। शासन के निर्देशों के अनुरूप सुबह 2 घंटे लगभग 400 स्थानों पर बुनियादी शिक्षा को विकसित करने कक्षाएं लगाई जा रही है। समुदाय का सहयोग लेकर गांव के युवा इस कार्य में मदद कर रहे हैं। नए शिक्षा सत्र में इन कक्षाओं का लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा ।

# दसवीं-बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित, मेरिट लिस्ट में जिले के पांच छात्रों ने बनाई जगह







**रायगढ़, 8 मई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिसमें जिले के पांच छात्रों ने मेरिट लिस्ट में स्थान बनाकर रायगढ़ जिले को गौरवान्वित किया है। इनमें कक्षा 10 वीं की मेरिट लिस्ट में तीन छात्रों ने स्थान बनाया है। वहीं कक्षा 12 वीं में दो छात्रों ने टॉप टेन में जगह हासिल की है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिले के सभी सफल छात्रों पूरे जिला प्रशासन की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपेक्षा अनुरूप परिणाम नहीं आने वाले छात्रों से कहा कि आप हतोत्साहित न हो बल्कि दुगुने जोश से आगे कड़ी मेहनत करें, सफलता अवश्य मिलेगी।कक्षा 10 वीं के मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वालों में सेंट माईकल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल लैलूंगा की छात्रा हेमलता पटेल ने 98.83 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। इसी तरह गुड्स वैली हाईस्कूल कसडोल तमनार की छात्रा आयुषी कुमारी ने 98.17 प्रतिशत अंक के साथ सातवां स्थान एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल कोतरा के छात्र रौनित चौहान ने 97.83 प्रतिशत अंक पाकर नौंवा स्थान बनाया है। कक्षा 12 वीं के मेरिट लिस्ट में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कोड़ातराई की छात्रा कृतिका यादव ने 96.60 प्रतिशत अंक के साथ पूरे प्रदेश में छठवां स्थान हासिल किया है। वहीं एम.पी.शालिनी हायर सेकेण्डरी स्कूल बोईरदादर, रायगढ़ के छात्र तरंग अग्रवाल ने 96.20 प्रतिशत अंक के साथ मेरिट लिस्ट में आठवें स्थान पर रहे है।

### समाधान शिविर में 12 हितग्राहियों को मिला पेंशन स्वीकृति पत्र

**महासमुंद,8 मई।** राज्य शासन द्वारा आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करने, तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार-2025 का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

सुशासन तिहार-2025 अंतर्गत तीसरे एवं अंतिम चरण में दिनांक 06 मई को विकासखण्ड बसना के ग्राम पंचायत गनेकेरा में आयोजित समाधान शिविर में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी द्वारा समाज कल्याण विभाग के कुल स्वीकृति पत्र प्रदाय किया गया।

# तपते सूरज के बीच बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता, सड़कें-नालियां लबालब

**गरियाबंद,8 मई।** मौसम ने अचानक करवट ली और गुरुवार को गरियाबंद जिले में झमाझम बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया। तेज हवाओं के साथ बादलों की गर्जना और बिजली की कड़क ने लोगों को घरों में रहने को मजबूर कर दिया। इस बेमौसम बारिश ने जहां नगर की सड़कों और नालियों को पानी से लबालब कर दिया, वहीं किसानों और सब्जी उत्पादकों के लिए यह संकट का सबब बन गई। वहीं दूसरी ओर यह बारिश और मौसम बुजुर्ग और बच्चों के स्वास्थ्य पर भी निश्चित रूप से विपरीत असर डालेगा

**मौसम का बदला मिजाज, बिजली की गर्जना से दहशत**

प्रातः 10÷11 बजे के बाद एकाएक आसमान में बादल छाने लगे, और दोपहर होते-होते तेज बारिश शुरू हो गई। बादलों की गर्जना और बिजली की चमक ने लोगों में दहशत पैदा कर दी। स्थानीय निवासी हरिश भाई ठक्कर ने बताया, ÷बिजली की कड़क इतनी तेज थी कि बच्चे डर गए और हमने घर के बाहर निकलना बंद कर दिया।, लेकिन इस तीव्रता की बारिश की उम्मीद किसी को नहीं थी।

**सड़कें और नालियां लबालब, जनजीवन प्रभावित**

तेज बारिश के कारण गरियाबंद नगर की सड़कों पर पानी भर गया। नालियों की सफाई न होने के कारण जल निकासी में बाधा आई, जिससे कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। मुख्य बाजार, बस स्टैंड और विभिन्न वार्डों के निचले इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। इससे आवागमन में दिक्कत हुई और दुकानदारों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासी श्यामलाल ने बताया एकाएक वर्षा होने से गरियाबंद की स्थिति बदलते हो गई सड़कों और नालियों में पानी भर गया जिससे बहुत सारी दिक्कतओं का सामना करना पाड़ा,किसानों और सब्जी उत्पादकों पर संकट यह बेमौसम बारिश किसानों के लिए मुसीबत बनकर आई है। गरियाबंद जिले में इस समय सब्जियां जैसे टमाटर, बैंगन, भिंडी और हरी मिर्च की फसलें खेतों में तैयार हैं। लगातार बारिश और जलभराव से इन फसलों को नुकसान होने का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय किसान गोविंद सिन्हा ने चिंता जताते हुए कहा, ÷हमारी सब्जियों की फसल तैयार थी, लेकिन बारिश ने सब कुछ बर्बाद कर दिया।

**प्रशासन की तैयारियां**

स्थिति से निपटने के लिए नगर पालिका को नालियों की सफाई और पानी निकासी के इंतजाम में जुट गए हैं साथ ही सफाई कर्मचारियों को भी नाली नाली सफाई एवं सड़कों पर जाम पानी को निकासी का निर्देश दिया गया हैयह बेमौसम बारिश जहां एक ओर गर्मी से राहत लेकर आई है, वहीं दूसरी ओर किसानों और नगरवासियों के लिए कई चुनौतियां खड़ी कर गई है।

### लोगों ने कहा-सुशासन तिहार जन सामान्य की समस्याओं के त्वरित निराकरण की अच्छी पहल

**रायगढ़, 8 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। जिसका परिणाम जिले के समाधान शिविरों में दिखने लगा है, जहां लोगों को समस्याओं के समाधान के साथ ही उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य भी किया जा रहा है।

### समाधान शिविर में शासकीय योजनाओं का हो रहा व्यापक प्रचार-प्रसार

**बीजापुर 8 मई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीणों के मांग एवं समस्या का निराकरण विभागीय अमलों द्वारा किया जा रहा है। वहीं विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्रतानुसार लाभान्वित किया जा रहा है।



कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में समाधान शिविर में उपस्थित जनसमुदाय को शासकीय योजनाओं पर आधारित छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन सहित अन्य प्रचार सामग्री, ब्रोसर पांपलेट का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है जिसमें ग्रामीणों एवं बढ़े-लिखे युवाओं को शासन की योजनाओं की जानकारी सुगम हो रही है।

## पीएमश्री स्कूल कसडोल में समर कैंप का आयोजन

# बच्चों को दी जा रही संगीत, व्यवसायिक, क्राफ्ट ड्राइंग, ब्यूटी पार्लर की ट्रेनिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल/सोनाखान, 8 मई।** पीएमश्री स्कूल में समर कैम्प का आयोजन नगर पंचायत कसडोल में संचालित पीएमश्री स्कूल में 7 से 15 मई तक समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विद्यालय के बच्चों को विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों को सिखाया जा रहा है। साथ ही योग प्राणायाम भी सिखाया जा रहा है।

आपको बता दें कि पीएमश्री स्कूल में प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन छुट्टी में बच्चो के लिए समर कैम्प का आयोजन किया जाता है जिसमें सभी स्कूली बच्चों को विभिन्न प्रकार की योग प्राणायाम और कलाकौशल चित्रकला, खेलकूद की जानकारी प्रदान किया जाता है। इस संबंध में पीएमश्री स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि हमारे विद्यालय में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है इस बार प्रशिक्षित शिक्षक संगीत, व्यवसायिक, क्राफ्ट ड्राइंग, ब्यूटी पार्लर, आदि नियुक्त किए गए हैं जिनके माध्यम से बच्चो में मनोरंजन के साथ साथ भविष्य में व्यवसाय से संबंधित कौशल प्राप्त होगा व साथ ही शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उसे छुट्टी के दिनों में भी विभिन्न प्रकार के खेल, योग और कलात्मक जानकारी भी प्रदान किया जाता है। शिक्षा के साथ साथ उन्हें सभी प्रकार की अन्य ज्ञानवर्धक जानकारी भी प्रदान किया जाता है। इस वर्ष बच्चो को स्कूल ऑडिटोरियम में निःशुल्क शीतल पेय जिसमें गन्ने का रस, फरूटी, रसना आदि के साथ ब्रेकफास्ट भी दी जाएगी। अलग अलग विषयों जैसे खेलकूद, योग, व्यायाम, चित्रकला, आर्टक्राफ्ट, स्पोकन इंगलिश, फूड कुकिंग, गुड टच और बेड टच, गार्डनिंग, की जानकारी प्रदान किया जा रहा है। समर कैंप के अंत में अधिकाधिक उपस्थिति व उत्कृष्ट प्रदर्शन छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत किया जाएगा, अतः सभी विद्यालय व आसपास के बच्चों के अभिभावकों से आग्रह है आप सभी अपने बच्चों को विद्यालय समय में समर कैम्प जरूर भेजे। प्रवेश पात्रता का चयन आज लॉटरी से विद्यालय सभा कक्ष में किया जाएगा।

पीएमश्री सेजेस गुरु घासीदास हायर सेकेंडरी में प्रवेश प्रकिया लॉटरी से दिनांक 10 मई सुबह 9 बजे से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पंचायत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, थाना प्रभारी कसडोल, व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदगण, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं सदस्यगण, पालकगण, आम नागरिकगण एवं मीडिया अध्यक्ष एवं सदस्य की उपस्थिति में विद्यालय सभाकक्ष में सम्पन्न होगा। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत कल दिनांक 7 मई को लॉटरी के लिए पात्र अपात्र की सूची ऑनलाइन आवेदन के अनुसार चस्पा की जाएगी जिसमें दावा आपत्ति 9 मई तक निर्धारित है तत्पश्चात लॉटरी में नाम आने के पश्चात दस्तावेज सत्यापन की जाएगी तत्पश्चात ही अंतिम प्रवेश की पात्रता होगी। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा जानकारी दी गई।

## समाचार संक्षेप

### हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा में जिले के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



- 5 छात्रों ने टॉप टेन में स्थान बनाकर जिले क़ा नाम किया रोशन
- हाई स्कूल का 81.69 एवं हायर सेकेण्डरी का 86.51 प्रतिशत रहा जिले का परिणाम
- कलेक्टर ने प्रतिभावान छात्रों को दी बधाई व शुभकामनाये

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 मई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आज 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिले में एक साथ 5 छात्रों ने टॉप टेन में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया है। जिसमें 12वीं के 2 एवं 10 वीं में 3 छात्र शामिल है। इस वर्ष जिले का हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम 81.69 एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा का परिणाम 86.51 प्रतिशत रहा। कलेक्टर दीपक सोनी ने टॉप 10 में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के प्रतिभावान छात्रों की उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की है।

प्राप्त जानकारी अनुसार हाईस्कूल परीक्षा में लिव्यांश देवांगन पिता सुनील कुमार देवांगन प्रावीण्य सूची में 99.00 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, कंचनबाला गेण्डरे पिता सेवाराम गेण्डरे पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मिडियम स्कूल सिमगा 98.33 प्रतिशत के साथ छठवां स्थान एवं साक्षी अग्रवाल पिता अभिषेक अग्रवाल गुरूकूल इंग्लिश मीडियम स्कूल बलौदाबाजार 98.00 प्रतिशत के साथ आठवां स्थान प्राप्त की है।

इसी तरह हायर सेकेण्डरी परीक्षा में हिमेश कुमार यादव पिता अमर नाथ यादव पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय गुरू घासीदास इंग्लिश मिडियम शास. उ. मा. वि.कसडोल प्रावीण्य सूची में 97.00 प्रतिशत के साथ चौथा स्थान एवं लुभी साहू पिता डेमन साहू शाश्वत हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार 97.00 प्रतिशत के साथ चौथा स्थान प्राप्त किये है।

## एक नजर

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय भखारा में प्रवेश के लिए सीट आबंटन 9 मई को




**भखारा, 8 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** न.पं भखारा के स्वामी आत्मानन्द स्कूल भखारा में प्रवेश हेतु ऑनलाइन फॉर्म के लिए लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन 9 मई,शुक्रवार को सुबह 9 बजे किया जाना है! जिसमें एस.एम.डी.सी के सदस्य एवं संस्था के समस्त शिक्षकगण की उपस्थिति रहेंगी। स्वामी आत्मानंद विद्यालय भखारा के प्राचार्य राजकुमार गंजीर ने सभी प्रवेशार्थीयों के पालक गणों को उक्त अवसर पर उपस्थित होने की अपील की है।

### दरचुरा में प्रशासन ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया



**बलौदाबाजार, 8 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार राजस्व विभाग की टीम ने सिमगा तहसील अंतर्गत ग्राम दरचुरा में ईंटभट्ठा संचालक द्वारा शासकीय भूमि पर किये गए अतिक्रमण को मुक्त कराया गया। एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा ने बताया कि पिछले माह जिला ऑडिटोरियम में सुशासन तिहार अंतर्गत हुई समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायत दरचुरा के सरपंच द्वारा ईट भट्ठा संचालक द्वारा शासकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमण की शिकायत की गई थी जिस पर कलेक्टर सोनी ने अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई हेतु तहसीलदार को निर्देशित किया था।निर्देश के अनुपालन में तहसीलदार और हल्का पटवारी द्वारा विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शासकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाए जाने की नियमानुसार त्वरित कार्यवाई की गई।

### पीडीएस दुकान संचालन के लिए आवेदन 15 मई तक

**बलौदाबाजार, 7 मई।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के कंडिका 9(4) के प्रावधानो के तहत ग्राम पंचायत परसाभदेर (ख), ढनढनी, पहंदा, कोकड़ी, रिसदा एवं पनगांव में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन 15 मई 2025 तक आमंत्रित किया गया है। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, अन्य समितियॉ एवं वन सुरक्षा समिति अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार में 15 मई 2025 तक कार्य दिवस में कार्यालयीन समय में निर्धारित प्रारूप में दस्तावेज आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

## सुशासन तिहार : आदिवासी बहुल डौण्डी के खलारी में समाधान शिविर का आयोजन

# ग्रामीणों को मिली अनेक सौगातें, छाई खुशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डौंडी, 8 मई।** सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत आज जिले के आदिवासी बहुल डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम खलारी में आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को अनेक सौगात मिला है। आज आयोजित शिविर में अतिथियों के द्वारा सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन करने वाले हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड, वनाधिकार पत्र, आयुष्मान कार्ड, मछली जाल, आईस बॉक्स, उन्नत किस्म के धान बीज, श्रमिक पंजीयन कार्ड के अलावा राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन तथा सामाजिक सहायता पेंशन की स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष देवलाल ठाकुर एवं जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो एवं जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम सहित अन्य अतिथियों ने शासन के विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान अतिथियों के द्वारा नन्हें-मुन्हें बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराने के साथ-साथ गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंटकर उनके गोदभराई रस्म को भी पूरा किया गया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने गर्भवती माताओं को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान रखने की हिदायत भी दी। जिससे कि गर्भस्थ शिशु को पर्याप्त पोषण मिल सके। आज खलारी में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम पंचायत खलारी सहित ग्राम पंचायत अड़जाल, दानीटोला, भैंसबोड़, सुवरबोड़, गुजरा, धोबनी अ, धोबनी ब, टेकाढोड़ा सहित खलारी कलस्टर में शामिल सभी ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं हितग्राही शिविर में शामिल होने पहुँचे थे। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत खलारी कलस्टर में शामिल सभी ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त कुल 2911 आवेदनों का संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा निराकरण किया गया है। जिसमें 2879 मांग से संबंधित एवं 32 आवेदन शिकायत से संबंधित थे। इन सभी आवेदनों का सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त आवेदनों का समुचित परीक्षण कर निराकरण सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर लोक कलाकारों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से बेहतर समां बांधते हुए सुशासन तिहार के महत्व के संबंध में जानकारियां दी।

इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने समाधान शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं सभी अधिकारी-कर्मचारियों का जिला प्रशासन की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया। मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के परिकल्पना के अनुरूप शासन के जनकल्याणकारी योजनओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके। इस सोंच और परिकल्पना को कार्य रूप में परिणित कराने हेतु राज्य में सुशासन तिहार का अभिनव कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिससे आम नागरिकों के मांगों एवं समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निराकरण सुनिश्चित करने के साथ-साथ शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान के लोगों को मिल सके। मिश्रा ने बताया कि सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत खलारी कलस्टर में शामिल सभी ग्राम पंचायतों से विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 2879 मांग एवं 32 शिकायत सहित कुल 2911 आवेदन प्राप्त हुए है। सुशासन तिहार के दूसरे चरण के अंतर्गत संबंधित विभागों के द्वारा इन सभी आवेदनों का परीक्षण कर निराकरण सुनिश्चित किया गया है। मिश्रा ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत जिला स्तर से संबंधित आवेदनों का संबंधित विभागों के द्वारा समुचित निराकरण किया गया है। इसके अलावा राज्य स्तर से संबंधित प्रकरणों को राज्य शासन को प्रेषित किया गया है। कलेक्टर मिश्रा ने ग्रामीणों को शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने को कहा।

इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जल संरक्षण के अभियान के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले का भूजल स्तर बहुत नीचे चला गया है। इसलिए समय रहते इस समस्या से निजात पाने का उपाय करना भी आवश्यक है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपने-अपने घरों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण करने तथा जल संरक्षण के कार्य में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील भी की। मिश्रा ने तेजी से बढ़ रहे सड़क दुर्घटना को देखते हुए सभी वाहन चालकों को नियंत्रित गति से वाहन चलाने तथा हेलमेट एवं सीट बेल्ट का भी अनिवार्य रूप से प्रयोग करने को कहा। इस अवसर पर ग्राम खलारी में बेहतर समाधान शिविर के आयोजन के लिए एसडीएम नूतन कंवर एवं उनकी पूरी टीम सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर ने राज्य शासन द्वारा शुरू किए गए सुशासन तिहार की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने सुशासन तिहार को आम जनता के मांगों एवं समस्याओं का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने तथा उन्हें शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने की दिशा में अत्यंत कारगर एवं महत्वाकांक्षी कार्य बताया। ठाकुर ने राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए ग्रामीणों एवं आम नागरिकों को इसका लाभ उठाने को कहा।

### समाधान शिविर में 684 हितग्राहियो को मिला योजनाओं का लाभ




**बलौदाबाजार, 8 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर के दूसरे दिन बुधवार को जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के 6 स्थानों पर समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इन शिविरों में सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 17701 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें मांग के 17318 एवं 383 शिकायत से सबंधित थे। विभागों द्वारा इन आवेदनों का निराकरण पश्चात समाधान शिविर में लोगो को निराकरण व विभागीय योजना की जानकारी दी गई। समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 684 हितग्राहियो का लाभन्वित किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहरौद में आयोजित शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जल संचयन की शपथ भी दिलाई। समाधान शिविर में सवास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया था जिसमें चिकत्साको ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकता अनुसार दवाई भी उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही पशु चिकित्सा विभाग द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से पशुओं का ईलाज भी किया गया। कलेक्टर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर क़ा आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य लोगो के द्वार तक प्रशासन की पहुंच हो और योजनाओं का लाभ बेहतर ढंग से सभी पात्र हितग्राही को मिल सके।

# जिला पंचायत सीईओ ने सोखता गड्ढा निर्माण व वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण की समीक्षा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 8 मई।** सी ई ओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में ग्राम रोजगार सहायको की बैठक लेकर मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत सोखता गड्ढा निर्माण एवं वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण की समीक्षा की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कार्यो की प्रगति के संबंध में समीक्षा करते हुए शासन द्वारा वर्षा जल के हरेक बूंद को सहेजने हेतु चलाये जा रहे ''मोर गांव मोर पानी'' अभियान की क्रियान्वयन की ग्राम पंचायतवार समीक्षा कर सभी नलकूपों में सोकपिट निर्माण के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास 2.0 का शत्-प्रतिशत् सर्वे, आवास प्लस के छूटे हितग्राहियों का पंजीयन एवं आवास की भौतिक प्रगति को बढ़ाने हेतु जरुरी निर्देश दिये। उन्होंने प्रगतिरत आवासो को बारिश से पूर्व पूर्ण कराने के लिए तेजी से निर्माण कार्य हेतु हितग्राहियो को प्रोत्साहित करने कहा।

### समाधान सेल में प्राप्त शिकायत का तुरंत किया गया निराकरण

**बलौदाबाजार, 8 मई।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में आमजनों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने हेतु समाधान शिकायत सेल का निर्माण किया गया है। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 जारी किया गया है जिसकी सहायता से आमजन किसी भी प्रकार की समस्या शिकायत एवं अपराधिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस तक व्हाट्सएप एवं फोन कॉल के जरिए पहुंचा सकते हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 07.05.2025 को प्रातः 11.30 बजे समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर में शिकायत मिली कि लवन रोड स्थित दुकानदारों द्वारा दुकान का सामान रोड किनारे लगा दिया जाता है। साथ ही ठेला खोमचा वाले भी अपना ठेला रोड किनारे लगा देते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था में परेशानी होती है तथा आने जाने वाले लोगों को भी असुविधा उत्पन्न होती है।

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

राजस्व मामला क्रमांक
202505093700010
अ-6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विद्या दुबे आ. स्व. बाबूलाल दुबे, निवासी-जमातपारा, राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनांदगांव हाल मुकाम हनुमान नगर, वार्ड नं. 21, दुर्ग जिला-दुर्ग द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव मोहल्ला जमातपारा स्थित शीट क्रं. 36 सी, भूखण्ड क्रमांक 117, क्षेत्रफल 288.00 वर्गमीटर जो धारकगण संजय दुबे आ. आनंदी प्रसाद, मुक्ता दुबे आ. स्व. आनंदी प्रसाद दुबे, अम्बिका प्रसाद आ. कन्हैयालाल दुबे, विद्या आ. स्व. बाबूलाल, सरला ध.प. स्व. बाबूलाल, निवासी-जमातपारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड के सहधारक अम्बिका प्रसाद आ. कन्हैयालाल दुबे की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर शेष सहधारकगण का नाम यथावत रखे जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 23.05.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उदघोषणा आज दिनांक 07/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
नजूल जांच राजनांदगांव

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202504092200046**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2024-2025

मुरमुंदा (प ह न. 00031).
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- ललीतसिंह,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक ललीतसिंह आ. स्व. बीरसिंह जाति कलार निवासी मुरमुंदा तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक क्रेता घनश्याम सिंह ठाकुर द्वारा ग्राम मुरमुंदा प.ह.न. 28/36 स्थित भूमि खसरा नम्बर 520/3 रकबा 0.81 डिसमील को अनावेदक/विक्रेता से मुब. 70,000/- सत्तर हजार रूपये में क्रय किया गया था। जिसका पंजीयन उप पंजीयन महोदय डोंगरगढ़ के समक्ष दिनांक 21.04.2024 को निष्पादित हुआ है। जिसकी रजिस्ट्री की छाया प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न है। आवेदक/क्रेता द्वारा क्रय की गयी उपरोक्त भूमि का प्रमाणीकरण विधिवत आवेदक के पक्ष में हो चुका है जिसका ना.क्रं. 46 दिनांक 04.05.2010 है। परन्तु अभी तक ऑनलाईन रिकार्ड में आवेदक का नाम दर्ज नहीं हो पाया है। आवेदक/क्रेता द्वारा क्रय की गयी उपरोक्त भूमि पर क्रय दिनांक से निरंतर कब्जा चला आ रहा है। परन्तु अब वर्तमान में ऑनलाईन रिकार्ड निकाला जा रहा है तो ऑनलाईन रिकार्ड में आवेदक का नाम दर्ज नहीं है। जिसके कारण आवेदक को परेशानी हो रही है। अतः आवेदक अपनी क्रय शुदा उपरोक्त भूमि को ऑनलाईन रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 21.05.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

# एक बार विरोध के चलते स्थगित हो चुकी है जनसुनवाई

- उद्योग समर्थित जनप्रतिनिधियों में बढ़ी चिंता
- स्थानीय लोगों को हो सकती है पानी की समस्या
- माइनिंग प्रोजेक्ट के बुरे प्रभाव को लेकर गामीणों में हैं डर का माहौल
- नलवा सीमेंट लिमिटेड के माइनिंग प्रोजेक्ट से ग्रामीण जीवन हो सकता है प्रभावित

**तिल्दा नेवरा, 8 मई।** खरोरा समीप ग्राम पचरी, छड़ियां, मंधईपुर, आलेसुर में विकास के नाम पर प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। नलवा सीमेंट द्वारा मंधईपुर में प्रस्तावित लाइमस्टोन माइनिंग प्रोजेक्ट के कारण स्थानीय पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ने की संभावना है। इस परियोजना के चलते गांव का वातावरण प्रदूषित होने का खतरा बढ़ गया है, जिससे न केवल प्राकृतिक सौंदर्य में कमी आएगी, बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है।

ऐसे विकास कार्यों के कारण स्थानीय निवासियों के लिए पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। लगातार भूजल स्तर में गिरावट आ रही है और साथ ही पानी की गुणवत्ता भी बिगड़ रही है। इसके चलते ग्रामीणों को साफऔर सुरक्षित पेयजल प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई से न केवल जैव विविधता को नुकसान होगा, बल्कि यह क्षेत्र की पारिस्थितिकी को भी गंभीर रूप से प्रभावित करेगा।

इस परियोजना के आसपास प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित एकल सड़क है, जो खराब स्थिति में जाने की प्रबल संभावना है। खदान की गाड़ियां लगातार इस सड़क पर सरपट दौड़ेगी। इसके कारण सड़क खराब होने से आवागमन में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इसका प्रभाव ग्रामीणों के दैनिक जीवन में सीधा पड़ेगा। ग्रामीणों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।



यह आवश्यक है कि स्थानीय समुदाय की आवाज को सुना जाए और उनके हितों की रक्षा की जाए। उल्लेखनीय है कि इस प्रोजेक्ट के कारण ग्रामीणों में चिंता की लहर व्याप्त है। लाइमस्टोन माइनिंग प्रोजेक्ट के संभावित प्रभावों को लेकर गांव के निवासियों में एक निरंतर भय और असुरक्षा की भावना बनी हुई है, क्योंकि उन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि उनके प्रिय गांव का वातावरण गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है। प्रदूषण, प्राकृतिक संसाधनों की कमी, और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में सोचते हुए, ग्रामीणों का मन अशांत है और वे अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

**पचरी का तालाब, मुक्तिधाम, गौठान, चारागाह जमीन सब होगी नलवा की :** नलवा द्वारा पचरी पंचायत में प्रोजेक्ट रिपोर्ट सौंपी गई है उस अनुसार पचरी पंचायत अंतर्गत आने वाले तालाब जिससे सैकड़ों किसानों को निस्तारी का साधन है वह भी नलवा के कब्जे में आ जाएगा, वहीं मुक्तिधाम जहां सैकड़ों मठ आज भी मौजूद है वहां नलवा स्थापित होने के बाद गड्ढे दिखाई देंगे जिससे ग्रामीणों की आस्था जुड़ी हुई है, वहीं पशुओं के चारागाह के लिए जमीन भी आरक्षित है वह भी नलवा के कब्जे में आ जाएगी। नलवा सीमेंट की जनसुनवाई पूर्व में 29 नवंबर 2024 को आयोजित की जाने वाली थी वहीं पचरी सरपंच अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इसका पुरजोर विरोध किया था जिसके बाद जनसुनवाई को स्थगित कर दिया गया था। वहीं इस संदर्भ में पचरी सरपंच व तिल्दा जनपद के सरपंच संघ अध्यक्ष अभिषेक वर्मा ने कहा कि गांव में दस वर्ष पहले लोग रात भर जागकर दूसरे गांव जाकर पानी लाते थे वहीं इन दस सालों में हमने पानी की व्यवस्था को मजबूत किया है और पानी की समस्या खत्म होने के कगार पर है अगर नलवा स्थापित होता है तो गांव का वाटरलेवल फिर गिर जाएगा और जैसे आज खरोरा जैसे बड़े नगर में समस्या है वह समस्या गांव में उत्पन होगी उसके साथ ही मुक्तिधाम और तालाब भी नष्ट हो जाएंगे। चंद पैसों के लिए मैं गांव का सौदा नहीं कर सकता और आरबीआई ने अभी तक ऐसा कोई नोट नहीं छापा जो अभिषेक वर्मा को खरीद सके, अपनी पूर्ण क्षमता के साथ नलवा का विरोध किया जायेगा और पत्थर खदान लगने नहीं देंगे। वहीं इस संदर्भ में नलवा की पीआर हेड पूनम कक्कड़ को फोन किया गया पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। वहीं हरीश सिन्हा जो कि पहले नलवा के खरोरा हेड थे उन्होंने कहा वह नलवा छोड़ दिए है बाकी आप उन्हीं से बात करे।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) कांकेर संभाग कांकेर,**

दूरभाषः (07868) 222034 | उदयनगर कांकेर | Email:- ee.kanker@nic.in

ज्ञापन क्रमांक/1497/व.ले.लि./2025-26/ | कांकेर, दिनांक 05/05/2025

**भावपत्र आमंत्रण (प्रथम आमंत्रण)**

लोक निर्माण विभाग संभाग कांकेर अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में आम सभा, व्ही. आई.पी. इत्यादि कार्यकमों में उपयोग होने वाले टेंट पण्डाल, मंच और अन्य व्यवस्था की सामग्रियों के भावपत्र रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के द्वारा बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। इच्छुक योग्य टेंट हाउस प्रतिष्ठान निम्नानुसार तिथि में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, विवरण निम्नानुसार हैः-

1. आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि - 13.05.2025
2. दर प्रस्तुत करने की तिथि - 20.05.2025
3. दर खोलने की तिथि - 21.05.2025

आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार दस्तावेज/प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

**आवश्यक अर्हताएंः-**

1 टेंट हाउस प्रतिष्ठान के मालिकाना तथा लाइसेंस की प्रति होना चाहिये।
2. जी.एस.टी. की पंजीयन प्रमाण पत्र।
3. टेंट हाउस प्रतिष्ठान का विगत 03 वर्षों में, टेंट हाउस कार्यकम संपादन का औसत वार्षिक टर्न ओवर कग से कम रू. 50.00 लाख होना आवश्यक है। तत्सम्बंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. विगत 03 वर्षों में छ.ग. राज्य में संपादित महत्वपूर्ण कम से कम 03 व्ही.आई.पी. (राज्यपाल, मुख्यमंत्री) कार्यक्रम संपादित किये जाने जिसमें प्रति कार्य के लागत कम से कम रू. 30.00 लाख होने का अनुभव प्रनाण-पत्र, जो कार्यपालन अभियंता/समकक्ष अथवा उच्च अधिकारी से हस्ताक्षरित हो।

विस्तृत शर्ते किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) कांकेर,
संभाग कांकेर

जी-252600709/4

## एक नजर

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए पीएम को सुशील अग्रवाल ने दी बधाई

**रायपुर, 8 मई।** बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के रायपुर चेयरमैन सुशील अग्रवाल ने



आतंकियों पर सेना द्वारा किए गए प्रहार पर खुशी जताते हुए कहा है कि देश की सेना द्वारा सफलतापूर्वक ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पहलगाम हमले के आरोपी आतंकवादियों को समूल नष्ट किया है उसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पूरे देशवासियो को बधाई। पाकिस्तान को उसकी औकात अंततः पीएम मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने दिखा दी है। इसके लिए भारतीय सेना को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

### 12 को बुद्ध जयंती पर मांस मटन का विक्रय प्रतिबंधित

**रायपुर, 8 मई।** नगर निगम प्रशासन द्वारा 12 मई को बुद्ध जयंती के अवसर पर मांस मटन का विक्रय प्रतिबंधित कर दिया गया है। राजधानी में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर अनेक कार्यक्रम होंगे।

### रायपुर प्रेस क्लब में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट के आवेदन के लिए 9 को शिविर

**रायपुर, 8 मई।** रायपुर प्रेस क्लब और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय रायपुर की ओर से हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के आवेदन के लिए 9 मई को सुबह 11 बजे से शिविर का आयोजन किया गया है। आवेदन के लिए ऋष्ट, आधार कार्ड, पंजीकृत मोबाइल नंबर लेकर आना अनिवार्य होगा। नम्बर प्लेट के लिए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क भी देय होगा। गौरतलब है प्रेस क्लब में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के आवेदन के लिए दूसरी बार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले 20 अप्रैल को शिविर का आयोजन किया गया था।

प्रेस क्लब के सदस्य, पत्रकार साथी व उनके परिजन जो अभी तक नए नंबर प्लेट के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं वे 9 मई, शुक्रवार को प्रेस क्लब भवन, मोतीबाग पहुंचकर आवेदन कर सकते हैं। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ. वैभव शिव पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी ने अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील सदस्यों और पत्रकार साथियों से की है।

### संगीत संध्या 10 को

**रायपुर, 8 मई।** स्वर सप्तक संस्था के अध्यक्ष उदय दास ने बताया कि स्वर सप्तक संस्था हिन्दी फिल्म संगीत के महान संगीतकार सलील चौधरी की स्मृति में 10 मई को संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। संस्था साढ़े सात बजे से मुक्ताकाशी मंच में आयोजित काय्रक्रम में वंदना कुलदीप ओमप्रकाश, दिनेश वर्मा, दीपेन्द्र हलधर, शिवानी बानी, नमिता गुप्ता, जावेद अली, अजय कर्मोकर, रश्मि सिंह, भूमि सागर, श्रुति संघी एवं एसपी शर्मा गीत पेश करेंगे। मंच संचालन प्रीति राजवैद्य करेंगी। संगीत संयोजन राजकुमार यशुदास का होगा। इस अवसर पर प्रदीप श्रीवास्तव व रामदास अग्रवाल मौजूद रहेंगे। श्रीराम संगीत महाविद्यालय के संस्थापक पंडित विष्णु कृष्ण जोशी को संगीत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।




# शिवनाथ एक्सप्रेस में 65 लाख की चोरी का खुलासा

## जीआरपी ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रायपुर, 8 मई।** शिवनाथ एक्सप्रेस में 65 लाख रुपये के चोरी का जीआरपी ने खुलासा किया है। मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिना पटेल पति दिनेश पटेल उम्र 54 वर्ष निवासी गोंदिया (महाराष्ट्र) अपने पति के सांथ गोंदिया से रायपुर शिवनाथ एक्सप्रेस से आ रही थी। राजनांदगांव से दुर्ग के बीच मे प्रार्थिया का 01 लेडीस पर्स जिसमे दो हीरे का नेकलेस, 04 नग हीरे कि अंगूठी, कान का लटकन एवं नगदी 45,000/-रू कुल कीमत 65,00,000/-रू का हीरे की ज्वेलरी एवं एक मोबाईल अज्ञात चोर चोरी कर लिया था। प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा पुलिस अधिक्षक रेल रायपुर के द्वारा एस. एन. अख्तर उपपुलिस अधिक्षक रेल रायपुर प्रभारी सायबर से, थाना प्रभारी जी.आर.पी भिलाई को आरोपियों को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश थे।

गोंदिया से भाटापारा तक के स्टेशनों का टॉवर डंप निकाला गया सी.सी.टी.व्ही. फुटेजों एवं स्टेशनों के आस-पास के होटलों को संघन चेक किया गया।



रिर्जवेशन चार्ट लिया गया सभी का मिलान करने पर कुछ संदेहियों का मोबाईल नंबर व फुटेज मिले जिसमें कुछ नम्बर ट्रेन के समय में रेल्वे स्टेशन रायपुर में होना पाया गया जो महासमुन्द, बरगढ़ होकर राउरकेला में होना पाया गया जिसके आधार पर आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्रित कर नजर रखी गई संदेहियों पर सायबर की टीम लगातार नजर रख रही थी जिसके आधार पर दोनों आरोपियों को राउरकेला से पकड़कर लाया गया दोनों से पूछताछ की गई। आरोपियों ने पूछताछ में बताया की एसी कोच में फर्जी नाम एवं मोबाईल नम्बर पर ट्रेनों के एसी 2 टीयर में कोच में रिजर्वेशन कराकर यात्रा करते हैं, मौका देखकर यात्रियों का ट्राली बैग, लेडिस पर्स चोरी कर लेते है चोरी की घटना की अंजाम के बाद चोरी के सामान को अपने थैले में रख लेते हैं, मोबाईल, पर्स को ट्रेन के बाहर फेंक देते है, एसी 2 टायर में पर्दा लगे होने से चोरी की घटना को घटित करने में सुविधा होती है किसी को पता भी नहीं चलता, आरोपियों ने यह भी बताया कि काफी लंबे समय से ट्रेनों में चोरी कर रहे हैं आरोपियों के कॉल डिटेल से भी इस बात से पुष्टी हुई है पूछताछ में आरोपियों के द्वारा प्रार्थिया का दिनांक घटना को लेडिस पर्स चोरी करना स्वीकार किया चोरी का हीरे का हार 11,00,000/-रू में कलकत्ता में बेचना बताया। जिसकी रकम अपने भाई के बैंक खाते में 3,46,000 रूपये एवं अपने दोस्त के बैंक खातों में 2,45,000/रू. एवं स्वयं के 4, 96,000/रू. जांच करने पर बैंक खाते में रकम आने कि पुष्टी हुई है। आरोपियों के कब्जे से 20, 000 रू. नगद एवं आरोपी अब्दुल मनान के कब्जे से फर्जी आधार कार्ड सुरेश मिश्रा के नाम से जप्ती हुई है। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस रिमांड लेकर और पूछताछ कि जा रही है और अन्य मामलों की खुलासा होने कि संभावना है।

प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी में प्रभारी सायबर सेल बी.एन. मिश्रा, थाना प्रभारी जीआरपी भिलाई निरीक्षक आर. के. बोर्झा, उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी दुर्ग, सउनि. भास्कर पाणिग्राही जीआरपी रायगढ़, आर. प्रकाश साय पैकरा, आर. मोरजध्वज वर्मा, आर. राजेश मिश्रा, आर. राजदीप, आर. लकेश्वर मिरी, आर. महेन्द्र मरकाम, आर. जैकी खान, आर. विष्णु सुमन, आर. राकेश ध्रुवे का विशेष योगदान रहा।

## भाजपा पार्षदों व अफसरों के बीच तालमेल नहीं : दीप्ति

**रायपुर, 8 मई।** कांग्रेस नेत्री दीप्ति दुबे ने कहा कि एक तरफ नगरीय प्रशासन मंत्री बैठक लेकर आने वाले दिनों की कार्य योजना तैयार करने को कहते हैं वहीं आए दिन भाजपा के जोन अध्यक्ष, पार्षद एवं एमआईसी मेंबर का अधिकारियों के साथ तालमेल नहीं बैठ पा रहा है। ऐसे में कैसे जनता को राहत मिलेगी यह समझ से परे है।



श्रीमती दुबे ने एक प्रेस नोट जारी कहा कि आए दिन बिजली बंद होने के चलते पानी नहीं मिलना फिर पानी की समस्या को लेकर लाइट बंद करना यह सब आजीबोगरीब काम रायपुर शहर में हो रहा है। अधिकारियों पर पानी का टैंकर बेचने के आरोप लग रहे हैं। रायपुर की जनता ने भरपूर बहुमत देकर नगर निगम में भाजपा की सरकार बनाई है, जो कि उम्मीदों पर खरी उतरती नहीं दिख रही है। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव जी से आग्रह है कि सभी जनप्रतिनिधियों को अधिकारियों को साथ बिठाकर पहले उनके बीच तालमेल स्थापित करें। इसके बाद ही सभी योजनाओं पर काम हो पाएगा।

### प्रदेश के दिव्यांगों को आसान किश्तों पर दिया जाएगा ऋण

**रायपुर, 8 मई।** छत्तीसगढ़ राज्य दिव्यांगजन एवं वित्त आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष लोकेश कांवड़ियां ने बताया कि राज्य में नये सिरे से दिव्यांगजनों का सर्वेक्षण कराया जाएगा। दिव्यांगों की सुविधा के लिए जीई रोड के किनारे पुराने आरडीए कार्यालय में आयोग का कार्यालय शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य दिव्यांगजन एवं वित्त आयोग के लोकेश कांवड़ियां ने बताया कि राज्य शासन द्वारा दिव्यांगों को आसान किश्तों पर ऋण देने के लिए आयोग का गठन किया गया है। वर्तमान में साढ़े सात लाख दिव्यांग है। जिनका नये सिरे से सर्वेक्षण किया जाएगा। एक अनुमान के अनुसार करीब 12 लाख दिव्यांग पूरे प्रदेश में है। इन दिव्यांगों को आसान किश्तो पर ऋण दिया जाएगा तथा समय पर ऋण पटाने वालों को 25 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई जनहित कारी योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा ताकि मोदी के सपने साकार हो सके।

## ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ हमारे दृढ़ संकल्प का प्रतीक : किरण देव

**रायपुर, 8 मई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सैन्य बलों द्वारा मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात चलाए गए ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर असीम प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय सेना के अधिकारियों व जवानों और प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह देश की जनाकांक्षाओं की मुखर अभिव्यक्ति है और इससे भारत सरकार व सेना की आतंकवाद को समूल खत्म करने की प्रतिबद्धता विश्व मंच पर देश की प्रतिष्ठा को बढ़ा रही है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफदेश में उपजा गम और गुस्सा बुधवार सुबह नए जज्बे के रूप में दिखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने वादे को निभाया है। पूरा छत्तीसगढ़ उनके साथ है। सेना के जवान इसी तरह आगे बढ़कर बदला लेते रहें, जिससे ऐसी घटना दोबारा न घटे। देव ने पहलगाम आतंकवादी हमले में त्वरित न्याय दिलाने वाले देश के बहादुर सैनिकों को सलाम करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' आतंकवाद के खिलाफभारत की दृढ़ संकल्प का एक शक्तिशाली प्रतीक है। सैनिकों का साहस हमारी संप्रभुता की रक्षा करता है और हर भारतीय माँ की गरिमा को बनाए रखता है, जो गर्व और स्वतंत्रता के साथ सिंदूर लगाती हैं। ऑपरेशन का नाम सिंदूर देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने सिन्दूर मिटाकर पहलगाम के नरसंहार पर अट्टहास करने वाले आतंकी नरपिशाचों और पाकिस्तान को यह दिखा दिया कि वह चुप बैठने वालों में से नहीं है। जिस तरह से उन्होंने पाकिस्तान को जवाब दिया, उसने हमारा भरोसा कायम रखा है। प्रधानमंत्री और सेना ने देश की जनता का दर्द समझा।

## सुशासन तिहार आम जनता की समस्याओं के निराकरण का माध्यम : पुरन्दर मिश्रा

**रायपुर, 8 मई।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण में आज रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्र 2 अंतर्गत शहीद स्मारक भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार भरोसे का आधार है, छत्तीसगढ़ की सृजनहार, मकसद केवल लोकोपकार यही तो सुशासन तिहार है।

आगे मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की साय सरकार लगातार लोगों के बीच मे जा कर उनकी समस्याओं को सुन कर उसका निराकरण कर रही है। जिसके दो चरण समाप्त हो चुके हैं। तीसरा चरण 5 मई से प्रारम्भ हुआ है, जिसमें हम प्राप्त आवेदनों के आधार




पर उनका निराकरण कर रहे हैं। सुशासन तिहार का प्रथम चरण 8 से 11 अप्रैल, दूसरे चरण में 12 से 4 मई तक चला और तीसरा चरण 5 मई 31 मई तक चलेगा जिसमें प्राप्त आवेदनों के आधार पर उसका निराकरण करेगी भाजपा की साय सरकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से लोगों तक पहुंच रही है ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। मिश्रा ने कहा कि आज नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 02 में आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर में शामिल होकर अच्छा लगा। देखकर प्रसन्नता हुई कि नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रूप से शिविर में भाग ले रहे है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद है, जो लोगों की शिकायतों को सुनकर मौके पर ही उनका निवारण करने का प्रयास कर रहे है।

इस तरह के शिविर निश्चित रूप से नागरिकों और प्रशासन के बीच एक स्वस्थ संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह पहल जनता की सेवा के लिए समर्पित है और हमारी सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में इस तरह का आयोजन करते रहेगा जिससे आम जनता को अपनी समस्याओं के लिए परेसान ना होना पड़े। इस अवसर पर महापौर मीनल चौबे, रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह और निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर सहित अन्य वरिष्ठजनों की उपस्थिति ने शिविर को और भी गरिमामय बना दिया था।

### मुख्यमंत्री ने कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर जारी एंटी नक्सल ऑपरेशन का अपडेट लिया



**रायपुर, 8 मई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गृह विभाग की समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री साय ने बीजापुर जिले के कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर सुरक्षाबलों की नक्सलियों के विरुद्ध जारी मुठभेड़ के विषय में अधिकारियों से अपडेट लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। मुख्यमंत्री साय ने ऑपरेशन के संदर्भ में भविष्य की रणनीति के बारे में अधिकारियों से चर्चा की। बैठक में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा उपस्थित थे।

## एनएसयूआई ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मनाया जश्न

**रायपुर, 8 मई।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ सफलतापूर्वक चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में आज एनएसयूआई रायपुर द्वारा जय स्तंभ चौक पर मिठाई वितरण और तिरंगा वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने वीर जवानों की शौर्यगाथा का सम्मान करते हुए देशभक्ति के नारों के साथ जश्न मनाया।

कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शान्तनु झा ने किया। उन्होंने कहा भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर कार्रवाई की है और अगर पाक अपने नापाक हरकत से बाज नहीं आएगा तो यह कार्रवाई बढ़ते हुए 500 किलोमीटर तक के क्षेत्र में भी होगी और जैसे 1971 में बांग्लादेश को आज़ाद कराया गया था, उसी संकल्प और साहस के साथ अब बलूचिस्तान की स्वतंत्रता की दिशा में भी कदम बढ़ाया जाएगा हैं। आज हर देशवासी, हर युवा, सेना और सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। यह भारत की सामरिक और कूटनीतिक शक्ति का प्रतीक




है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनएसयूआई के कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी और देशभक्ति के गीतों एवं नारों के साथ माहौल को गौरवपूर्ण बना दिया।

### अधिवक्ता शुक्ला के परिवाद पर अनुराग कश्यप के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**रायपुर, 8 मई।** उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अंजिनेश अंजय शुक्ला द्वारा प्रस्तुत परिवाद पर सुनवाई करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आकांशा बेक, रायपुर की अदालत ने चर्चित फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 196, 299 एवं 353 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। ये धाराएँ संज्ञेय तथा गैर-जमानती प्रकृति की मानी जाती हैं। इस प्रकरण में अधिवक्ता अंजिनेश शुक्ला स्वयं सह अधिवक्तागण निमिष किरण शर्मा एवं संदीप थोरानी ने पैरवी की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 18 अप्रैल 2025 को अनुराग कश्यप ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट (anuragkashyap10) के माध्यम से एक आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की थी। इस कथन से आहत होकर अधिवक्ता शुक्ला द्वारा संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष 20 अप्रैल को शिकायत दर्ज करवाई गई। शुक्ला द्वारा बार-बार निवेदन करने के पश्चात् थाना प्रभारी तदोपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा भी उक्त के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस द्वारा उदासीनता तथा अकर्मण्यता से क्षुब्ध होकर अंजिनेश अंजय शुक्ला ने जिला न्यायालय रायपुर में अनुराग कश्यप के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज किए जाने की मांग करते हुए एक परिवाद प्रस्तुत किया था। प्रकरण की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता शुक्ला ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय तथा विभिन्न उच्च न्यायालयों के प्रासंगिक निर्णयों का उल्लेख करते हुए न्यायालय के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया कि उक्त टिप्पणी न केवल सामाजिक सौहार्द को भंग करने वाली है, बल्कि यह विशेष समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली और दंडनीय अपराध की श्रेणी में आती है।

ऑपरेशन सिंदूर

# कैट ने मनाया पराक्रम दिवस

**रायपुर, 8 मई।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) छत्तीसगढ़ चैप्टर द्वारा राजधानी रायपुर के जयस्तंभ चौक में पराक्रम दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकियों पर की गई निर्णायक कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित था। सैकड़ों की संख्या में व्यापारियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर सेना के शौर्य, पराक्रम व राष्ट्रभक्ति को सलाम किया। पूरे माहौल में भारतीय सेना जिंदाबाद और भारत सरकार जिंदाबाद जैसे देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों की गूंज रही।

कार्यक्रम के माध्यम से 12 लाख व्यापारियों की ओर से यह संदेश दिया गया कि छत्तीसगढ़ का व्यापारी समाज आतंक के विरुद्ध देश की सरकार और सेना के हर कदम में साथ खड़ा है और रहेगा। इस अवसर पर जश्न स्वरूप 51 किलो लड्डू का वितरण किया गया, जिसे जनसमूह ने बड़े उत्साह के साथ ग्रहण किया। इस




आयोजन में कई व्यापारी संगठनों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और एक स्वर में भारतीय सेना के साहस की प्रशंसा की।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने बताया कि भारतीय सेना द्वारा मंगलवार एवं बुधवार की दरमियानी रात पाकिस्तान एवं पीओके के कब्जे वाले में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए जिसमें बडी़ संख्या में आंतकवादियों को मार गिराया गया। भारत सरकार ने आंतकवाद को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत की सरजमीं पर आंतकवाद कतई बर्दाशत नहीं किया जायेगा। इस तरह के नापाक कायराना हरकतो का जवाब पाकिस्तान में घुसकर आंतकवादियों के खात्में के लिए भारतीय सेना तत्पर है।

इस अवसर कैट के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे :- कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह, अजय अग्रवाल, अवनीत सिंह, दीपक विधानी, जय नानवानी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, कन्हैया गुप्ता, शंकर बजाज, टीनिवास रेडडी, उत्तम गोलछा, महेन्द्र बागरोडिया, जनक वाधवानी, राजेन्द्र खटवानी, अमर धिंगानी, विजय पटेल, विक्रांत राठौर, परविन्द्रर सिंह, रतनदीप सिंह, शैलेन्द्र शुक्ला, बी.एस. परिहार, प्रकाश माखीजा, भरत भूषण गुप्ता सहित व्यापारीगण।

### आपरेशन सिंदूर की सफलता पर वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन ने बांटी मिठाई

**रायपुर, 8 मई।** वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राम्हण परिषद छ ग द्वारा पाकिस्तान पर हुए एयर स्ट्राइक आपरेशन सिन्दूर के सफल अभियान के उपलक्ष्य में रायपुर के हृदय स्थल जय स्तम्भ चौक पर आतिशबाजी करके एवं मिठाई खिलाकर उत्सव मनाते हुए खुशी व्यक्त की गयी. भारतीय सेना द्वारा उठाये गये कदम की सराहना करते हुए नारेबाजी की गयी. इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष - अरविंद ओझा, युवा अध्यक्ष - अविनय दुबे, महिला अध्यक्ष - नमिता शर्मा, राष्ट्रीय युवा सचिव - अमित शर्मा, राघवेन्द्र पाठक, रवि शर्मा, उमेश शर्मा, राजेश शर्मा, सोनल शर्मा, मिहिर शर्मा, सत्येन्द्र शुक्ला, बी. के. शुक्ला (पप्पू), महेंद्र प्रसाद शुक्ला, तरूण शर्मा, कमलेश दुबे सहित अनेक विप्रजन उपस्थित थे.




## साइबर क्राइम के प्रति महिलाओं को किया गया जागरूक



**रायपुर, 8 मई।** जेसीआई रायपुर वामांजली द्वारा महिलाओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी नंदिनी ठाकुर, साइबर क्राइम विशेषज्ञ चिंतामणि साहू और प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सिद्धार्थ तुरकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी नंदिनी ठाकुर ने महिलाओं के सुरक्षा और बाल विवाह के बारे में जानकारी दी और साथ ही साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के प्रति जागरूक किया और उनसे सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने ऑनलाइन सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए, जिससे महिलाएं डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रह सकें। वहीं, डॉ. सिद्धार्थ तुरकर ने महिलाओं में बढ़ते कैंसर के मामलों पर चिंता जताते हुए, इससे बचाव के उपायों और प्रारंभिक लक्षणों की जानकारी दी। उन्होंने नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की सलाह दी। इस सफल आयोजन की अध्यक्षता जेसीआई रायपुर वामांजली की अध्यक्ष आकांक्षा प्रीत ने की, जबकि कार्यक्रम की निदेशक उर्वशी देवांगन, चैप्टर इंचार्ज संगीता अनल और पूर्व अध्यक्ष अर्चना द्विवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26